दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 69 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। शनिवार, 10 जनवरी 2026 । माघ माह, कृष्ण पक्ष सप्तमी, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# संसद के बजट सत्र का 28 जनवरी से आगाज, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी मंजूरी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से 2 अप्रैल तक चलेगा। सत्र का पहला फेज 28 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा, जबकि दूसरा फेज 9 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के बजट सत्र को बुलाने की मंजूरी दे दी है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार की सिफारिश पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों को 2026 के बजट सत्र के लिए बुलाने की मंजूरी दे दी है। यह सत्र 28 जनवरी 2026 से शुरू होकर 2 अप्रैल 2026 तक चलेगा। उन्होंने लिखा कि पहला चरण 13 फरवरी 2026 को समाप्त होगा और संसद 9 मार्च 2026 को पुन: एकत्रित होगी। यह सार्थक बहस और जन-केंद्रित शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से वित्त वर्ष 2026-27 के लिए आम बजट एक फरवरी को पेश किया जाएगा। इसके साथ ही टैक्सपेयर्स, नौकरीपेशा, किसान और उद्योग हर किसी की निगाहें अब बजट 2026 पर टिक गई हैं।

केंद्र सरकार की ओर से 2017-18 से आम बजट को लगातार एक फरवरी को पेश किया जा रहा है। स्टॉक एक्सचेंज भी संकेत दे चुके हैं कि अगर बजट रविवार को पेश किया जाता है तो इस दिन एक स्पेशल ट्रेडिंग सेशन रखा जाएगा।

यह केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला लगातार नौवां बजट होगा। उन्होंने लगातार सबसे अधिक बजट प्रस्तुत करने का रिकॉर्ड पहले ही बना लिया है। यदि वह एक और बजट भी प्रस्तुत करती हैं, तो वे दिवंगत मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगी, जिन्होंने दो कार्यकालों, 1959 से 1964 के बीच छह और 1967 से 1969 के बीच चार, में कुल 10 बजट प्रस्तुत किए थे।

अन्य हालिया वित्त मंत्रियों में, पी. चिदंबरम ने नौ बजट प्रस्तुत किए थे, जबकि प्रणब मुखर्जी ने अलग-अलग प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल में आठ बजट प्रस्तुत किए थे।



ग्लोबल कांफ्रेंस में बोले आरबीआई गवर्नर

## ‘डिजिटल फ्रॉड रोकने के लिए मिलकर करना होगा काम’



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि वित्तीय संस्थानाओं को टिक बाक्स आधारित अनुपालन संस्कृति को अपनाने के बजाय नियमों का गंभीरता से पालन करना चाहिए। उन्होंने डिजिटल फ्राड को रोकने के लिए मिलकर काम करने की वकालत की।

**डिजिटल धोखाधड़ी रोकने के लिए सभी मिलकर काम करें**-कालेज आफ सुपरवाइजर्स की तीसरी सालाना ग्लोबल कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए मल्होत्रा ने कहा कि डिजिटल चैनल बिना किसी रोक-टोक के सुविधाओं को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। हालांकि, वे डिस्क्लोजर और गलत रिकवरी प्रथाओं को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण से पहुंच बढ़ रही है, क्षमता विस्तार हो रहा है और ज्यादा ग्राहक केंद्रित वित्तीय सुविधाएं मिल रही हैं। साथ ही, यह जोखिम के तरीके को बदल रहा है, जिसके चलते अनुपालन में तेजी की जरूरत पर जोर दिया जा रहा है। मल्होत्रा ने कहा कि असल में, नियामक और विनियमन का मकसद और उद्देश्य एक ही हैं और यह है वित्तीय प्रणाली को मजबूत बनाना और साख को बेहतर करना।

## चिकित्सा और स्वास्थ्य पर बजट पूर्व चर्चा

स्वास्थ्य सेवा और संवेदना का क्षेत्र सरकार संसाधनों की नहीं रखेगी कोई कमी



# विगत दो वर्षों में बुनियादी ढांचे में हुआ बड़ा सुधार गांव-ढाणी तक मिल रहा गुणवत्तापूर्ण इलाज - मुख्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा और संवेदना से जुड़ा क्षेत्र है। विगत दो वर्षों में राज्य सरकार ने अपने बजट में स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। आगे भी स्वास्थ्य के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाया है। इससे गांव-ढाणी तक प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण नि:शुल्क उपचार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बजट पूर्व संवाद का उद्देश्य यही है कि इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के सुझावों से एक ऐसा बजट बने, जिससे प्रदेश की 8 करोड़ से अधिक जनता को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं मिलें और राजस्थान स्वास्थ्य में सिरमौर बने। शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शास्त्रों के अनुसार ‘पहला सुख निरोगी काया’ अर्थात् स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ा सुख होता है। इसी अवधारणा के साथ प्रदेश में लागू की गई मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना अब पूरे देश के लिए मिसाल बन गई है। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत अब तक 37 लाख मरीजों को 7 हजार 300 करोड़ रुपये का कैशलेस इलाज उपलब्ध करवाया गया है। इसी तरह, मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना के तहत औषधियां, सर्जिकल एवं सूचर्स उपलब्ध करवाने में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है। जिला चिकित्सालयों में बुजुर्गों के लिए रामाश्रय वार्ड खोले हैं, जहां उन्हें सम्मान के साथ स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं।

### चिकित्सा सेवा का क्षेत्र, दायित्वों को निष्ठा और ईमानदारी से निभाए स्वास्थ्यकर्मी

मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा सेवा का क्षेत्र है। हर रोगी को संवेदनशीलता के साथ अच्छा उपचार मिले और जीवन रक्षा का उद्देश्य फलीभूत हो। यही इस क्षेत्र की महानता है। चिकित्सकों एवं इस क्षेत्र से जुड़े प्रत्येक स्वास्थ्यकर्मी को चाहिए कि वे अपने दायित्वों को निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाए। राज्य सरकार ऐसे सेवाभावी कार्मिकों के सम्मान में कोई कमी नहीं रखेगी। लेकिन जनता के पैसे का दुरूपयोग करने वाले एवं स्वास्थ्य योजनाओं में अनियमितता करने वाले कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान

श्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे रही है ताकि प्रदेश को प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 7 नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं और 15 नवीन मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन हैं। साथ ही, भीलवाड़ा, धौलपुर, प्रतापगढ़, नाथद्वारा एवं बूंदी में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की गई है। हमारा प्रयास है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा मिले। इस दिशा में जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

## चांदी एक दिन में 6,982 महंगी हुई, 2.43 लाख पहुंची

सोने के दाम में 1,349 की तेजी, 1.37 लाख पार हुआ



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सोने-चांदी के दाम में 9 जनवरी को तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,349 रुपए बढ़कर 1,37,122 रुपए पहुंच गया है। कल यह 1,35,773 रुपए/10g पर था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 6,982 रुपए बढ़कर 2,42,808 रुपए पर आ गई है। कल इसकी कीमत 2,35,826 रुपए किलो थी। इससे पहले 29 दिसंबर 2025 को सोने की कीमत 1,38,161 रुपए प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर थी।

वहीं, चांदी की कीमत 7 जनवरी को 2,48,000 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंच गई थी, जो इसके भाव का अब तक का सबसे उच्चतम स्तर है।

## डेनमार्क बोला- पहले गोली मारेंगे, फिर बात करेंगे

हमारे सैनिकों को इजाजत की जरूरत नहीं, ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी पर जवाब

बढ़ता राजस्थान




**कोपनहेगन ( एजेंसी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी के बीच डेनमार्क का जवाब आया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक रक्षा मंत्रालय ने धमकी दी है कि अगर कोई विदेशी ताकत उनके इलाके पर हमला करती है, तो सैनिक आदेश का इंतजार किए बिना तुरंत जवाबी कार्रवाई करेंगे और गोली चलाएंगे।

बिना आदेश हमला करने का नियम 1952 का है। तब डेनमार्क ने अपनी सेना के लिए एक नियम बनाया था, जिसके मुताबिक विदेशी ताकतों के देश पर हमला करने की स्थिति में सैनिकों को तुरंत लड़ना होगा। इसके लिए उन्हें किसी सीनियर अधिकारी की इजाजत लेने की जरूरत नहीं होती। यह नियम पहली बार 1940 में तब लागू हुआ था जब जर्मनी ने डेनमार्क पर हमला किया था। उस समय कम्युनिकेशन सिस्टम ठप हो गया था और सैनिकों को समझ नहीं आया था कि क्या किया जाए। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह नियम आज भी लागू है। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका की तरफ से ग्रीनलैंड पर कब्जा करने या फिर उसे खरीदने जैसी बयान दिए गए हैं। ग्रीनलैंड अटलांटिक महासागर में बसा एक द्वीप है। यह पिछले 300 साल से डेनमार्क से जुड़ा है। यहां की विदेश और रक्षा नीति डेनमार्क देखता है। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा है कि उन्हें नहीं लगता कि अमेरिका ग्रीनलैंड पर कब्जे के लिए सैन्य कार्रवाई करेगा।

# हिमाचल में खाई में गिरी बस, 14 की मौत

52 घायल, सिरमौर में 200 मीटर नीचे लुढ़की



बढ़ता राजस्थान

**हरिपुरधार ( सिरमौर )।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में शुक्रवार को एक प्राइवेट बस 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई। वहीं 52 लोग घायल हुए हैं। इनमें 3 की हालत नाजुक बनी हुई है। गंभीर घायलों को आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया है। सिरमौर की डीसी प्रियंका ने बताया कि प्रारंभिक सूचना के अनुसार हादसा बस के स्किड होने से हुआ लग रहा है। बस में 66 यात्री सवार थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे।

यह हादसा दोपहर बाद पौने 3 बजे सिरमौर के हरिपुरधार बाजार से करीब 100 मीटर पहले हुआ। बस में कुपवी (शिमला) और हरिपुरधार क्षेत्र (सिरमौर) के लोग सवार थे। हादसे पर पीएम नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दुख जताया।

पीएम ने आर्थिक सहायता (एक्स ग्रेशिया) देने की घोषणा की। हर मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे।

### शिमला से कुपवी जा रही थी प्राइवेट बस

जीत कोच बस शिमला से वाया सोलन और सिरमौर होते हुए कुपवी जा रही थी। शिमला शहर से सुबह 7:30 बजे बस रवानी हुई थी। कुपवी से 28 किलोमीटर पहले ही बसे खाई में गिर गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य में जुट गए। पुलिस, प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी घटनास्थल पर पहुंचीं।

### बस के नीचे दबे थे 5 लोग

बस के नीचे 5 से ज्यादा यात्री दबे हुए थे। ग्रामीणों ने बस को पलटकर सभी को बाहर निकाला। इनमें से चार यात्रियों की मौत हो गई। घटनास्थल और हरिपुरधार अस्पताल के बाहर सैकड़ों लोग जुट गए। बस के परखच्चे उड़े, छत चेसिस से अलग हुई हादसे के बाद बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बस के परखच्चे उड़ गए। बस की छत चेसिस से अलग हो गई। पीछे के दोनों टायर भी बस से निकलकर दूर जाकर गिरे। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

# आतंकवाद पर अब होगा 'Digital Strike', Amit Shah बोले- NIDMS बनेगा देश का सुरक्षा कवच

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत की पहली राष्ट्रीय आईईडी डेटा प्रबंधन प्रणाली (एनआईडीएमएस) का शुभारंभ करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि यह आतंकवाद के खिलाफ अगली पीढ़ी का सुरक्षा कवच बनेगी और देश में होने वाली सभी प्रकार की आतंकवादी घटनाओं की जांच और उनके विभिन्न पहलुओं के विश्लेषण में आने वाले दिनों में अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी, जिससे देश की आंतरिक सुरक्षा प्रणाली तीन प्रमुख तरीकों से मजबूत होगी।

शाह ने गुरुग्राम के मानेसर स्थित राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) छावनी में एनआईडीएमएस का वर्चुअल उद्घाटन करते हुए यह बयान दिया। यह भारत की आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विरोधी और आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो



(आईबी) के निदेशक, एनएसजी के महानिदेशक, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशक और विभिन्न राज्यों के पुलिस महानिदेशक उपस्थित थे।

एनएसजी द्वारा विकसित एनआईडीएमएस एक सुरक्षित, राष्ट्रीय स्तर का डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसका उद्देश्य तात्कालिक विस्फोटक उपकरणों (आईईडी) से संबंधित डेटा का व्यवस्थित संग्रह, संकलन और प्रसार करना है। शाह ने अपने संबोधन में कहा, देश में होने वाली सभी प्रकार की आतंकवादी घटनाओं की जांच और उनके विभिन्न पहलुओं के विश्लेषण के लिए एनआईडीएमएस आने वाले दिनों में अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। इसके अलावा, एनआईडीएमएस आतंकवाद के खिलाफ अगली पीढ़ी का सुरक्षा कवच बनेगा। मंत्री ने बताया कि गृह मंत्रालय ने पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न प्रकार के डेटा एकत्र किए हैं, लेकिन अब तक वे अलग-अलग थे। भाजपा नेता ने कहा, अब हम इन सभी डेटा स्रोतों को आपस में जोड़ने और उनके विश्लेषण के लिए उन्नत कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित सॉफ्टवेयर विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं। आज एनआईडीएमएस का शुभारंभ इस प्रक्रिया को गति देगा और देश को आतंकवाद से सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

## कांट्रेक्ट किलिंग मामले में सिरोही का संत भजनाराम गिरफ्तार

- चित्तौड़गढ़ में संत रमताराम ने करवाई थी भाजपा नेता की हत्या
- हत्या के लिए संत की यूपी के शूटर से करवाई थी मुलाकात

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** चित्तौड़गढ़ में भाजपा नेता व व्यापारी रमेश इनाणी हत्याकांड में सिरोही के संत भजनाराम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसने हत्या में शामिल शूटर व चित्तौड़गढ़ के संत रमताराम की मुलाकात करवाई थी। संत रमताराम पर भाजपा नेता की हत्या का आरोप है। उसने कांट्रेक्ट किलिंग के लिए यूपी के शूटर मनीष दुबे को बुलाया था। पुलिस जांच में सामने आया कि संत भजनाराम ने इन दोनों की मुलाकात करवाई थी।

### बाली से गिरफ्तार कर ले गई पुलिस

इस मामले में चित्तौड़गढ़ थाना पुलिस बताती है कि इनाणी हत्या मामले में जांच के दायरे में आने के बाद संत भजनाराम से पूछताछ की गई थी। बाद में कुछ अहम सुराग और हाथ लगे हैं। उस पर हत्या की साजिश में शामिल होने का आरोप है। इनाणी हत्याकांड मामले में अब संत भजनाराम को बाली (पाली) से गिरफ्तार किया है।

### हत्या के लिए शूटर को दी थी सुपारी

ज्ञातव्य है कि गत 11 नवम्बर को चित्तौड़गढ़ में भाजपा नेता व व्यापारी रमेश इनाणी की दिन-दहाड़े किसी ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। व्यापारी की हत्या के मामले में शूटर मनीष दुबे को पुलिस ने उसी दिन शाम को दबोच लिया था। इस मामले में सुपारी देने वाले संत रमताराम को आरोपी बनाया गया है। जांच के दौरान सामने आया है कि संत रमताराम की शूटर से मुलाकात कराने में सिरोही के संत भजनाराम की अहम भूमिका रही।

### कुछ दिन पहले तक सिरोही में ही रहा

बताया जा रहा है कि हत्या मामले में आरोपी संत भजनाराम कुछ दिनों तक सिरोही में ही था। यहां वह सांसद खेल महोत्सव के दौरान बकायदा सांसद लुम्बाराम चौधरी व राज्यमंत्री ओटाराम देवासी समेत पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मंच साझा करता नजर आया। दो दिन बाद ही वह सिरोही से बाली चला गया, जहां से पुलिस ने अब उसे गिरफ्तार कर लिया।

# कहानियों के प्रभावी प्रस्तुतिकरण ने श्रोताओं को कहानी के साथ आत्मसात करनें पर किया मजबूर

## तीन दिवसीय उदयपुर टेल्स स्टोरी टेलिंग फेस्टिवल शुरू







बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** मां माय एंकर फाउण्डेशन द्वारा आयोजित उदयपुर टेल्स स्टोरी टेलिंग फेस्टिवल की शिल्पग्राम रोड़ स्थित पार्क एक्जोटिका रिसोर्ट में शुरूआत हुई। जिसमें प्रथम दिन स्टोरी टेलर्स के प्रभावी प्रस्तुतिकरण ने वहां मौजूद सैकड़ों श्रोताओं को उन कहानियों के साथ आत्मसात करने पर मजबूर कर दिया। मयूर कलबाग की अघोरी कहानी ने आमजन के मन में अघोरियों के प्रति रच बस गई धारणा को मिटानें पर विवश किया। प्रथम दिन बच्चों के लिये कहानियों से शुरूआत हुई जिसकी मुख्य अतिथि निवृत्ति कुमार मेवाड़ थी।

शाम के महत्वपूर्ण सेशन में मयूर कलबाग की रहस्यमय कहानी अघोरी, अफ्रीकी लोकगीत आकाश के नीचे, बॉलीवुड कलाकार दिव्य निधि शर्मा समकालीन कहानी जीवन, राजित कपूर कचरे की हिफाजत और मजनू नामक व्यंग्यात्मक नाटक, संजुक्ता सिन्हा डांस कंपनी शास्त्रीय फ्यूजन नृत्य बदलती रेत की प्रस्तुति दी।

मयूर कलबाग ने कहा कि अघोरी हमारे समाज का ही एक अंग है। उन्हें हम समाज से अलग करके नहीं चल सकते। वे शिव आराधक होते है। तकनीकी रूप से काफी एडवान्स होते है। हमनें उनके प्रति एक धारणा बना रखी है कि वे बहुत भयानक होते है। बहुत खौफनाक दिखते है लेकिन जो दिखता है वह कई बार सच नही होता है। मैनें उनके साथ रहकर उन्हें नजदीक से देखा है और उसी पर एक पुस्तक लिखी है। इस अवसर पर बॉलीवुड कलाकार दिव्य निधि शर्मा समकालीन कहानी स्लाईस ऑफ लाईफ पर कहा कि समाज स्टोरी को किस प्रकार ग्रहण करता है। उसमें बदलाव देखा गया है। कहानियां सुनने में आमजन के पेशेन्स में कमी देखी जा रही है। यह समाज के साथ बह रहा है। स्लाइस ऑफ लाइफ बच्ची के जीवन की तीन झांकियों के बारें में बताया गया है।

फाउण्डेशन की संस्थापक सुष्मिता सिंघा ने बताया कि टीवी एवं बॉलीवुड कलाकार रजत कपूर ने कचरे की हिफाजत और मजनू नामक व्यंग्यात्मक नाटक की प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि कहानी कहना व सुनना सदियों से चला आ रहा है। विश्व में सबसे ज्यादा कहानियां भारत में कहीं जाती है। इस डिजिटल दौर में कहानियों के ऐसे फेस्टिवल बहुत आवश्यक हो गये है। कहानी जिदंगी बदल सकती है। उदयपुर टेल्स के सह संस्थापक सलिल भण्डारी ने बताया कि प्रारम्भ में निवृत्ति कुमारी मेवाड़ आयोजन में आए कई स्कूलों के बच्चे से मिली एवं उन्हें कहानियों के लिए प्रेरित किया। उदयपुर में इस तरह का आयोजन देखकर वह काफी अभिभूत हुई एवं आयोजकों को इसके लिए शुभकामनाएं दी।

एक्टर राजेश शिंदे अपने विशिष्ट अंदाज में बच्चों के सामने प्रस्तुत हुए। उनका गेट अप देखकर ही बच्चे रोमांचित हो गए और बच्चों ने मीठा शोर मचाते हुए उनका स्वागत किया। उन्होंने बिट्टू और असूर की कहानी के माध्यम से बच्चों को अंत तक बांधे रखा।



# महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में कृषि व्यावसाय से जुड़ा विशेष व्याख्यान

## विशेषज्ञ बोले कृषि में रोजगार की असीम संभावनाएं

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे में दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पीएम श्री महात्मा गाँधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, प्रागपुरा में शुक्रवार को विद्यार्थियों के लिए कृषि विज्ञान एवं व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोटपूतली कृषि महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. डी. के. बैरवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को आधुनिक कृषि, पशुपालन, कृषि में तकनीक का उपयोग व रोजगार की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. बैरवा ने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से कृषि को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझने का अवसर मिलता है। आज कृषि केवल परंपरा नहीं, बल्कि एक तकनीकी क्षेत्र है, जहाँ रोजगार, उद्यमिता और नवाचार की विशाल संभावनाएँ हैं। कार्यक्रम में विद्यालय में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कृषि एवं पशुपालन विषय से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर परिचर्चा हुई। विद्यार्थियों ने खेती, पशुपालन, जैविक कृषि व आधुनिक कृषि पद्धति को लेकर उत्साहपूर्वक प्रश्न भी पूछे। विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार मामोडिया ने कहा कक्षाओं में व्यावसायिक शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को पारंपरिक विषयों के साथ जीवनोपयोगी ज्ञान देना है। कार्यक्रम में व्याख्याता धोलाराम यादव, मालाराम यादव, रामजीलाल गुर्जर, निखिल कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार जाट, शारीरिक शिक्षक सुरेंद्र कुमार जाट, वरिष्ठ अध्यापक गोविंद सिंह शेखावत, अरविंद कुमार शर्मा, सुनील कुमारी यादव, रजनी बाला योगी, धनी यादव, कृष्णा यादव, सुशीला मीणा, हजारीलाल स्वामी, सुभाष स्वामी, संगीता देवी, पुष्पा देवी, रामजीलाल योगी सहित विद्यालय स्टाफ व बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# पर्यावरण की रक्षा के लिए 'पर्यावरण बचाओ न्याय यात्रा' का शंखनाद

## 2 फरवरी को बीकानेर में होगा महापड़ाव



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** पर्यावरण संरक्षण समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को स्थानीय बिश्नोई धर्मशाला में 'पर्यावरण बचाओ न्याय यात्रा' को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री हनुमान प्रसाद मांझू की अध्यक्षता में हुई इस सभा में बिश्नोई समाज सहित 36 कौम के प्रतिनिधियों ने शिरकत की और पर्यावरण को हो रहे नुकसान के खिलाफ हुंकार भरी। बैठक को संबोधित करते हुए संत भागीरथ दास जी महाराज ने गंभीर आरोप लगाए कि बीकानेर क्षेत्र में पिछले दो वर्षों से संघर्ष जारी है, लेकिन सरकार की अनदेखी के चलते सोलर कंपनियों ने अब तक लगभग 28 लाख खेजड़ी के पेड़ों को नष्ट कर दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आगामी परियोजनाओं के नाम पर 30 लाख और पेड़ों की बलि दे दी जाएगी। वहीं मंदिर समिति के प्रवक्ता प्रकाश बिश्नोई ने बताया कि इस न्याय यात्रा का शुभारंभ माता अमृता देवी पार्क में वृक्षों के लिए प्राण न्योछावर करने वाली शहीद अमृता देवी को पुष्प अर्पित कर किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार की हठधर्मिता और निजी कंपनियों के मुनाफे के कारण प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है, जिसे बचाने के लिए अब सर्व समाज सड़क पर उतरने को मजबूर है।

### 2 फरवरी को महापड़ाव का आह्वान

पूर्व मंत्री राम सिंह बिश्नोई के सुपुत्र परसराम बिश्नोई, समाजसेवी सुभाष गोदारा, महंत आनंद प्रकाश जांभा और अन्य गणमान्य नेताओं ने आगामी 2 फरवरी को होने वाले विशाल महापड़ाव में अधिक से अधिक संख्या में जुटने की अपील की। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यह लड़ाई केवल एक समाज की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य और शुद्ध पर्यावरण की है इस बैठक में सुभाष भांभू, रिछपाल फौजी, प्रहलाद बिश्नोई, कामरेड गोपाल बिश्नोई, साहब राम पूनिया, मनीराम मेघवाल, कृष्ण खीचड़, विनोद सीगड़, एडवोकेट जगदीश पूनिया, शैलेंद्र बिश्नोई सहित 36 कौम बिरादरी के सैकड़ों पर्यावरण प्रेमी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# प्रोजेक्ट प्रीत के तहत सेनेटरी पेड के 10 हजार किट वितरीत

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी मीरा, एसबीआई और यूनिपैड फाउंडेशन के सहयोग से शुक्रवार को सरकारी स्कूलों में छठी से बारहवीं कक्षा की छात्राओं को पुन:उपयोग योग्य सैनिटरी पैड के कुल 10000 किट वितरित किए गए। प्रोजेक्ट चेयरपर्सन संगीता मूंदड़ा ने बताया कि एक किट में 3 पैड और एक विशेष पाउच होता है। ये पैड विशेष गुणवत्ता वाले सूती कपड़े से बने हैं,रिसाव रोधी और विशेष अस्तर वाले होते है। रोटरी मींरा की अध्यक्ष रेखा सोनी ने बताया कि एक किट का जीवनकाल एक वर्ष से 15 महीने तक है। ये पर्यावरण संरक्षण होते है। उपयोग में सुरक्षित और बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा देते है। मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता रखते है। इनकी लागत प्रभावी होती है। संगीता मूंदड़ा ने बताया कि टीम प्रीत में संगीता देथा, स्नेहा शर्मा, कविता श्रीवास्तव, हर्ष कुमावत,ज्योति कुमावत अर्चना व्यास, पायल जैन मौजूद थी।

## पुलिस ने गुजरात जा रहा शराब भरा ट्रक पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** आबूरोड रीको थाना पुलिस ने मावल चौकी के समीप कार्रवाई करते हुए शराब भरा ट्रक पकड़ने में सफलता हासिल की है। मामले में ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार मावल में जांच के दौरान कंटेनर लदा एक ट्रक रूकवाया गया। निरीक्षण करने पर वाहन में शराब भरी होने का संदेह हुआ। सघन तलाशी लेने पर कंटेनर में छिपाकर रखे शराब के 160 कर्टन बरामद किए गए। पुलिस ने ट्रक चालक सीकर जिलान्तर्गत खुड़-जीणमाता निवासी राकेशकुमार पुत्र सागरमल जाट को गिरफ्तार कर लिया।

## वैन में गांजा तस्करी करते तीन गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** आबूरोड रीको थाना पुलिस ने मावल में कार्रवाई करते हुए एक वैन से गांजा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार मावल में जांच के दौरान एक वैन रूकवाई गई। इसमें सवार लोगों की हरकतों से संदेह होने पर तलाशी ली गई। वैन में पौने पांच किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने कार को जब्त कर वैन तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इसमें गुजरात के मोरबी निवासी इलायशा साहमदर उर्फ इरफान पुत्र अहमदशाह, शहनवाज पुत्र कासमभाई व अमन पुत्र अशरफ भाई शामिल है।

## टीम संजय के 52 सदस्यों ने किये आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** ओसवाल सभा के चुनावों में आवेदन करने के अंतिम दिन आज टीम संजय भण्डारी की ओर से अध्यक्ष पद सहित कार्यकारिणी सदस्यों हेतु टीम संजय के 52 सदस्यों ने आवेदन किये।

अध्यक्ष पद प्रत्याशी संजय भण्डारी ने बताया कि अशोकनगर स्थित कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें निवर्तमान अध्यक्ष प्रकाश कोठारी की फर्जी मतदाता सूची पर मतदान करानें की हठधर्मिता,मनमानी पर एक निंदा प्रस्ताव पारीत किया गया।

# वार्ड 24 और 25 में सड़क निर्माण में धांधली का आरोप

## ग्रामीणों ने एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ पिलीबंगा नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 24 और 25 के बीच वर्तमान में चल रहा डामर सड़क निर्माण कार्य विवादों के घेरे में आ गया है। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को लेकर मोहल्ले के निवासियों ने विभाग और ठेकेदार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को आक्रोशित वार्डवासियों ने उपखंड अधिकारी के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण में निर्धारित मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ज्ञापन कर्ताओं ने बताया कि सड़क में डामर की मात्रा बेहद कम रखी जा रही है और सामग्री भी अमानक स्तर की इस्तेमाल की जा रही है। लोगों ने आशंका जताई है कि गुणवत्ता से समझौते के कारण सड़क बनने के साथ ही उखड़ने लगेगी, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। वहीं मौके पर एकत्रित हुए निवासियों ने प्रदर्शन करते हुए चेतावनी दी कि यदि घटिया निर्माण कार्य तुरंत नहीं रुकवाया गया और सामग्री की तकनीकी जांच नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन करने को



मजबूर होंगे। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि मौके पर पहुंचकर निर्माण सामग्री के नमूने लिए जाएं। ज्ञापन देते समय कांग्रेस नगर मण्डल अध्यक्ष बबलू सोनी, सुखदेव सिंह सोनी, विक्रम वर्मा, रमेश कुमार, अनीता देवी, ओम प्रकाश, बंशीलाल, जगजीत सिंह, विजयवर्मा, एवं समस्त मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

## एसडीएमसी/एसएमसी सदस्यों का दो दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**प्रागपुरा ( नि.स. )।** कस्बा स्थित पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में एसडीएमसी/एसएमसी सदस्यों का दो दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का आयोजन 8 जनवरी से 9 जनवरी तक किया गया, जिसमें समिति सदस्यों को विद्यालय संचालन एवं बाल शिक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस प्रशिक्षण के प्रशिक्षक जयप्रकाश वर्मा रहे, जिन्होंने एसडीएमसी/एसएमसी की भूमिका, अधिकार, उद्देश्य, जिम्मेदारियों तथा विद्यालय विकास में भागीदारी को लेकर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

साथ ही बाल शिक्षा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, समग्र शिक्षा तथा शासन की विभिन्न योजनाओं की उपयोगिता पर भी चर्चा की। प्रशिक्षण के दूसरे दिन समिति सदस्य श्रीमती पूनम देवी एवं लक्ष्मी कंवर द्वारा प्रशिक्षणार्थी से अनेक प्रश्न पूछे गए जिनका प्रशिक्षक द्वारा संतोषजनक समाधान किया गया। सदस्यों ने प्रशिक्षण को उपयोगी व व्यवहारिक बताया। समापन कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार मामोडिया एवं स्ठस्ट सचिव मालाराम यादव की उपस्थिति रही।

# राजमार्ग पर फ्लाईओवर व अंडरपास निर्माण की मांग तेज

## पूर्व विधायक सुभाष चन्द्र शर्मा ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को भेजा पत्र

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पावटा कस्बे में बढ़ते जाम से निजात दिलाने को लेकर पूर्व विधायक सुभाष चन्द्र शर्मा ने केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर फ्लाईओवर व अंडरपास निर्माण की मांग की है। शर्मा ने पत्र में बताया कि पावटा उपखण्ड मुख्यालय पर राजमार्ग निर्माण के दौरान पूर्व में एक अत्यंत छोटा अंडरपास बनाया गया था। संकीर्ण निर्माण के चलते प्रतिदिन भारी जाम की समस्या उत्पन्न होती है, जिससे कस्बे का सामान्य आवागमन प्रभावित रहता है। स्थानीय निवासियों के अलावा आसपास के लगभग 50 से अधिक गांवों के हजारों लोग प्रतिदिन पावटा होकर विभिन्न कार्यालयों व बाजारों की ओर आते-जाते हैं। पूर्व विधायक ने पत्र में मुख्य स्टैंड पर भाँकरी रोड के सामने बड़ा व ऊँचा फ्लाईओवर, राजकीय उपजिला अस्पताल के सामने दूसरा फ्लाईओवर तथा नवोदय रोड के सामने ऊँचा अंडरपास निर्माण की आवश्यकता जताई। शर्मा ने कहा कि जब तक दो फ्लाईओवर और एक बड़ा अंडरपास नहीं बनाया जाएगा, तब तक पावटा कस्बा जाम की समस्या से मुक्त नहीं हो सकेगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि 13 जनवरी 2025 को भी इसी संबंध में केंद्रीय मंत्री को पत्र भेजकर समस्या के समाधान की मांग की गई थी। शर्मा के अनुसार इन परियोजनाओं के लिए पूर्व में स्वीकृति जारी हो चुकी है, लेकिन अब तक किसी प्रकार का कार्य आरम्भ नहीं हुआ है। पत्र में उपखण्ड कार्यालय, तहसील, पंचायत समिति, न्यायालय एवं बड़े व्यापारिक केन्द्र होने के कारण पावटा में प्रतिदिन वाहनों का भारी दबाव रहने तथा कई-कई घंटे तक लोगों के जाम में फँसे रहने की समस्या का उल्लेख करते हुए जल्द निर्णय लेकर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराने की मांग की गई है।

## एसटीएससी परीक्षा में स्वर्णिम करियर इंस्टिट्यूट के 5 विद्यार्थियों की शानदार सफलता

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** रींगस सेंट्रल चिल्ड्रन एकेडमी शिक्षण संस्थान समूह द्वारा संचालित स्वर्णिम करियर इंस्टिट्यूट, रींगस के



विद्यार्थियों ने एसटीएससी ( में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। परीक्षा में संस्थान के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय रैंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। राजस्थान बोर्ड अजमेर द्वारा स्ज्ञस्श्च परीक्षा में सफल विद्यार्थियों में दिव्या चौधरी ने 12वीं रैंक ,भावना कुमावत ने 23वीं रैंक , मानसी ने -24 वीं रैंक,सिम्स ने 31वीं रैंक तथा दीक्षा शर्मा ने - 33 वीं रैंक प्राप्त कर संस्थान को गौरवान्वित किया। संस्थान निदेशक डॉ अजय सक्सेना व सह निदेशक कविता सक्सेना ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि स्वर्णिम करियर इंस्टिट्यूट विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस उपलब्धि पर संस्थान के शिक्षकों एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त किया और सभीविद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस इस अवसर पर स्वर्णिम कोऑर्डिनेटर रघुवीर सिंह तंवर,महेंद्र महला, झाबर निठारवाल, अर्जुन लाल राजोरिया, केदार बुला, विजय गोपाल शर्मा, संज्योति मेम,उगन्ता चौधरी, संगीता चौधरी सहित संस्थान के स्टाफ सदस्य व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## नगर परिषद पार्क के बाहर मिला जैव चिकित्सा कचरे का ढेर,

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे में नगर परिषद पार्क स्थित



खोखा मार्केट के बाहर कचरे के ढेर में बड़ी मात्रा में जैव चिकित्सा कचरा मिलने से क्षेत्र में हडक़ंप मच गया है। मौके पर खून से भरी सैंपल ट्यूब, सिरिंज, टेस्ट ट्यूब, मेडिकल वेस्ट और अन्य खतरनाक सामग्री खुले में पड़ी हुई मिली।इस तरह का बायोमेडिकल वेस्ट खुले में फेंका जाना न केवल पर्यावरण के लिए घातक है, बल्कि आमजन के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। इससे संक्रमण फैलने की आशंका बनी रहती है और आवारा जानवरों व बच्चों के संपर्क में आने से दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है।स्थानीय लोगों ने नगर परिषद एवं स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि तुरंत इस कचरे को हटवाया जाए और जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र का शुभारंभ, प्रथम जिलाधिकारी का भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** नवगठित जिले में औद्योगिक विकास



को गति देने के लिए जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र कार्यालय का विधिवत शुभारंभ कोटपूतली मे हुआ। इस गौरवपूर्ण अवसर पर कार्यालय के प्रथम जिलाधिकारी भंवर लाल सैनी का स्थानीय नागरिकों और प्रबुद्धजनों द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

## निर्माण कार्यों में गंभीर अनियमितताओं पर बड़ी कार्रवाई

# जेटीए कार्यमुक्त,एईएन निलंबित;16 सीसीए के तहत विभागीय कार्रवाई के आदेश

**शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के निर्देश पर कार्रवाई**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर जिले की नवसृजित मौजमाबाद पंचायत समिति के भवन निर्माण कार्य में गंभीर तकनीकी अनियमितताएं सामने आने पर पंचायती राज विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के आदेश पर संबंधित जेटीए को कार्यमुक्त करते हुए पंचायत समिति के सहायक अभियंता (एईएन) शैलेंद्र मीणा को निलंबित कर राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के तहत विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

पंचायती राज विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता मुकेश महेश्वरी ने 5 दिसंबर को भवन निर्माण कार्य का मौके पर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्लिंथ लेवल पर निर्माण कार्य में कई गंभीर तकनीकी खामियां पाई गईं। रिपोर्ट के अनुसार कॉलम लगभग एक से डेढ़ इंच तक आउट ऑफ गुनिया एवं ग्रेड से बाहर पाए गए। कई प्लिंथ बीम की चौड़ाई निर्धारित 12 इंच के स्थान पर 10 से 11 इंच पाई गई, वहीं पिछली ओर पत्थर की दीवार पर प्लिंथ हाइट 12 इंच के बजाय 10 इंच मिली। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि प्लिंथ बीम कास्टिंग के दौरान सीढियों के लिए आवश्यक एक्स्ट्रा सरिया नहीं छोड़ा गया। मौके पर किए जा रहे खरंजे की मोटाई 6 इंच के स्थान पर मात्र 3 से 5 इंच पाई गई तथा पत्थरों को तकनीकी बांड में न लगाकर अव्यवस्थित रूप से बिछाया गया था। कई कॉलमों की फिलिंग में रिंग तक नहीं लगाई गई थी। अतिरिक्त मुख्य अभियंता ने कार्य को तत्काल यथास्थिति में रोकने तथा संबंधित कार्मिकों को हटाकर दक्ष तकनीकी पर्यवेक्षण में कार्य कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय कार्य प्लिंथ लेवल पर होने के बावजूद माप पुस्तिका (एमबी) नहीं भरी गई थी। जेटीए ने बताया कि एईएन द्वारा प्लिंथ लेवल के बाद ही एमबी भरने के निर्देश दिए गए थे। निरीक्षण के दौरान पूर्व सूचना के बावजूद सहायक अभियंता शैलेंद्र मीणा मौके पर उपस्थित नहीं हुए और फोन पर भी कोई उत्तर नहीं दिया। उल्लेखनीय है कि शैलेंद्र मीणा वर्तमान में पंचायत समिति मौजमाबाद में विकास अधिकारी के साथ-साथ सहायक अभियंता का कार्यभार भी संभाल रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि शैलेंद्र मीणा की कार्यप्रणाली पूर्व में भी विवादों में रही है। टोडाभीम पंचायत समिति क्षेत्र में ग्रेवल सडक़ों के कार्यों में माप पुस्तिका में गलत इंद्राज कर राजकोष को लाखों रुपये की क्षति पहुंचाने के मामले सामने आ चुके हैं। भवन निर्माण में पाई गई इन गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की है।

## विजयवर्गीय वैश्य समाज की राष्ट्रीय बैठक के लिए बीलवा पैलेस सुसज्जित, भव्य स्वागत की तैयारियां पूर्ण

**11 जनवरी 2026 को जयपुर में अखिल भारतीय विजयवर्गीय (वैश्य) महासभा की राष्ट्रीय स्तरीय बैठक**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय (वैश्य) महासभा की राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण बैठक के आयोजन को लेकर जयपुर स्थित बीलवा पैलेस को पूरी तरह सजाया-संवारा गया है। दिनांक 11 जनवरी 2026, रविवार को प्रातः 8.00 बजे से आयोजित होने वाली इस बैठक में देशभर से समाज के राष्ट्रीय, प्रांतीय एवं जिला स्तर के पदाधिकारी, गणमान्य सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता भाग लेंगे।



बैठक के सफल आयोजन एवं आगंतुकों के गरिमामय स्वागत के लिए बीलवा पैलेस (गठबंधन), बीलवा कला, चौखी ढाणी के पास, टोंक रोड, जयपुर को आकर्षक रूप से सजाया गया है। आयोजन स्थल पर स्वागत-सत्कार, पंजीकरण, बैठक व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। समाज के स्वयंसेवक एवं कार्यकर्ता व्यवस्था को अंतिम रूप देने में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। महासभा की इस राष्ट्रीय बैठक में समाज के संगठनात्मक विस्तार, सामाजिक एकता, शिक्षा, रोजगार, युवा सहभागिता तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही समाजहित में लिए जाने वाले महत्वपूर्ण निर्णयों पर भी चर्चा होने की संभावना है। आयोजकों के अनुसार यह बैठक समाज को एक नई दिशा देने वाली सिद्ध होगी। जयपुर में आयोजित हो रही इस बैठक को लेकर समाजजनों में उत्साह का माहौल है और बीलवा पैलेस में आने वाले अतिथियों के भव्य स्वागत को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

## मोटरसाईकिल चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी की 4 मोटरसाईकिलें बरामद

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** स्थानीय थाना पुलिस ने मोटरसाईकिल चोरों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करते हुये मोटरसाईकिल चोरी करने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार कर चोरी की 04 मोटरसाईकिलें बरामद की हैं। जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने जानकारी देते हुये बताया कि समस्त थानाधिकारियों को मोटरसाईकिल चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने, मोटरसाईकिल चोरी करने वाली गैंग के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने तथा चोरी की गई मोटरसाईकिलों को बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर एएसपी नाजिम अली व डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के सुपरविजन में थानाधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा कड़ी मेहनत व लगन से कार्य करते हुये तकनीकी सहायता एवं आसूचना संकलन कर विगत 23 नवम्बर को कस्बा कोटपूतली से मोटरसाईकिल चोरी करने के मामले में अभियुक्त विकास (21) पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी ढ़ाणी खातियों की तन खेलना थाना प्रागपुरा को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के कब्जे से चोरी की हुई मोटरसाईकिल बरामद करते हुये तीन अन्य चोरी की मोटरसाईकिलें बरामद की। मुल्जिम से चोरी की अन्य वारदातों के सम्बंध में गहनता से अनुसंधान किया जा रहा हैं। उल्लेखनीय है कि विगत 02 दिसम्बर को परिवादी रविन्द्रजीत (45) पुत्र श्योनारायण मेघवाल निवासी गोपालपुरा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 23 नवम्बर को मैं मैगामार्ट मेला क्रय विक्रय कम्पाऊंड में आया था, शाम करीब 06.30 बजे वापस आधा पौना घंटा बाद आया तो मोटरसाईकिल नहीं थी, जिसके नम्बर आर जे 32 एस जी 1615 हिरो मॉडल नं. 2016 कलर ब्लेक था। जिस पर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों को चैक कर तथा आसूचना संकलन एवं तकनीकी सहायता से कस्बे से मोटरसाईकिल चोरी करने वाले अभियुक्त विकास को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाईकिल बरामद की तथा अभियुक्त के कब्जे से 03 अन्य चोरी की मोटरसाईकिले भी बरामद की गई।

## रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में पौषबड़ा एवं भजन संध्या का कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** प्रतापनगर स्थित सेक्टर-23 में रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में पौषबड़ा एवं भजन संध्या का कार्यक्रम हर्षोल्लास और धार्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। कॉलोनी के सभी निवासियों ने सपरिवार बढ़-चढक़र भाग लेते हुए आयोजन को सफल बनाया और कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों ने भजन संध्या का आनंद लिया तथा पौषबड़े का प्रसाद ग्रहण किया। यह आयोजन कॉलोनीवासियों की एकता, सहयोग और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बना। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम नई कार्यकारिणी की कार्यशैली और सक्रियता का परिचय भी है। रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी ने कॉलोनीवासियों से अपने सुझाव एवं सुविचार साझा करने का आह्वान किया है तथा आगामी 77वें गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के आयोजन की प्रतीक्षा करने की अपील की है। सोसायटी को पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में होने वाले सभी कार्यक्रमों में भी निवासी इसी उत्साह और सहभागिता के साथ शामिल होते रहेंगे। अंत में रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी, सेक्टर-23 ने कॉलोनी के समस्त निवासियों का हृदय की गहराइयों से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

## फैशन एक्सपो-2026 में एम.के. टेलरिंग हाउस को बेस्ट कुर्तीस मैन्युफैक्चरिंग अवार्ड से सम्मानित किया




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सीतापुरा स्थित चंदन वन में जयपुर गारमेंट क्लब की ओर से आयोजित फैशन एक्सपो-2026 में एम.के. टेलरिंग हाउस (रामाज कुर्तीस) को बेस्ट कुर्तीस मैन्युफैक्चरिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान बॉलीवुड अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया। फैशन एक्सपो-2026 में देश-विदेश से आए बायर्स ने भाग लिया। प्रदर्शनी के दौरान एम.के.



टेलरिंग हाउस (रामाज कुर्तीस) की उत्कृष्ट डिज़ाइन, गुणवत्ता और कारीगरी को विशेष सराहना मिली। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन जयपुर गारमेंट इंडस्ट्री को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

**कार्यालय नगर पालिका निवाई**

क्रमांकः—न.पा.नि. / निर्माण / 2025—26 / 14130 दिनांकः— 02.1.2026

**ई. बोली सूचना संख्या :– 53/2025–2026**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में नगर पालिका निवाई में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों एवं विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागो के संबंधित श्रेणी में "A" "AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं स्वायत्त शासन विभाग में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदको से, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, हेतु ई—टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in व 'http://www.eproc.rajsthan.gov.in पर देखा जा सकता है :–

| | | |
|---|---|---|
| बोली का कार्य | : | NIB Code:- DLB2526A9931(कुल 7 कार्य) |
| Unique Bid Number | : | DLB2526WSOB29491, 492, 494, 495, 497, 498, 500 |
| बोली की कुल लागत | : | Rs 183.43 लाख (सभी कार्यो की अनुमानित लागत) |
| बोली जारी करने की दिनाक | : | दिनांक 07.01.2026 को 13:00 बजे से |
| बोली दस्तावेजो को डाउनलोड करने की शुरूआती दिनांक व समय | : | दिनांक 19.01.2026 को 13:00 बजे से |
| ऑन लाईन बोली जमा कराने की अन्तिम दिनांक | : | दिनांक 19.01.2026 सायं 18.00 बजे तक |
| ऑनलाईन तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | : | दिनांक 20.01.2026 को अपराह 12:00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | : | Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | : | 120 Day |

राज.संवाद / सी / 25 / 17339 अध्यक्ष नगर पालिका निवाई अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका निवाई

# टांटिया समूह का गंगानगर किन्नू फेस्टीवल 17 को

**कई तरह की प्रतियोगिताएं रहेंगी आकर्षण का केंद्र**

बढ़ता राजस्थान

**श्रीगंगानगर (नि.स.)।** अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर श्रीगंगानगर को पहचान दिलाने वाले किन्नू को और अधिक लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से टांटिया समूह 17 जनवरी को टांटिया यूनिवर्सिटी कैम्पस में गंगानगर किन्नू फेस्टीवल (जीकेएफ) का आयोजन कर रहा है। इसमें कई तरह की प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएंगी। प्रतियोगिता व फेस्टीवल में सहभागिता पूर्णतः निशुल्क रहेगी।




आयोजन सचिव राजकुमार जैन ने बताया कि सुबह साढ़े. नौ से दोपहर अढाई बजे तक के इस फेस्टीवल में तकनीकी सत्र, प्रतियोगिताएं, क्वालिटी टेस्ट के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। बड़ी संख्या में सरकारी विभागों के साथ किन्नू उत्पादक किसानों की स्टॉल्स भी लगाई जाएंगी। इनमें आमजन आकर किन्नू के बारे में जान पाएगा। क्वालिटी टेस्ट में अव्वल रहने वाले उत्पादक को पुरस्कृत भी किया जाएगा। किन्नू प्रतियोगिताओं में सबसे ज्यादा किन्नू खाना, किन्नू रेस, सर्वाधिक बार किन्नू शब्द का लेखन, पोस्टर मैकिंग, स्लोगन लेखन, किन्नू आधारित प्रश्नोत्तरी, लक्की ड्रा, सेल्फी प्वाइंट विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। तकनीकी सत्र में किन्नू उत्पादन से जुड़ी रोचक एवं ज्ञानवर्द्धक जानकारी दी जाएगी। फेस्टीवल के लिए गठित आयोजन समिति में डॉ. उम्मेदसिंह शेखावत अध्यक्ष, राजकुमार जैन सचिव तथा डॉ. मुकेश बिश्नोई, सुरेश बुडानिया, सुनील सिहाग, कमलजीतसिंह सूदन व योगेंद्र शर्मा को सदस्य लिया गया है। फेस्टीवल में सहभागिता के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 15 जनवरी रखी गई है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9216022361 अथवा 8005519250 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**Government of Rajasthan**
**Election Department**
**NIB (NOTICE INVITING Bid)**

Food Building, Secretariat, Jaipur (Rajasthan) - 302005

Telephone: 0141-2227194, 2227638 Fax: 0141-2227794 Email: ceojpr-rj@nic.in

S.No: F.1(22)III/C/Elec./2025/92 Dated: 06/01/2026

Open bid is invited by Election Department for "Annual Maintenance of Computers, Printers and Other Services" up to 3.00 PM of 19.01.2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (www.sppp.raj.nic.in) of the state & department website www.election.rajasthan.gov.in. The approximate value of the procurement in Rs. 2.5 Lacs.

**UBN No. ELE 2526SS0B00097**

OSD
Election Department,
Secretariat Jaipur

DIPR/C/368/2026

## सम्पादकीय

# 'दीदी' की हरी फाइल

ऐसा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ही कर सकती हैं। अतीत की कई घटनाएं उनकी हरकतों और राजनीति की साक्षी रही हैं। स्वतंत्र और लोकतांत्रिक भारत में कदाचित यह पहली बार हुआ है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी प्रमुख केंद्रीय जांच एजेंसी छापा मारे और वहां की मुख्यमंत्री महत्वपूर्ण फाइलें, दस्तावेज और अन्य साक्ष्य उठा कर चल दे। यह कानूनी अपराध भी है और ममता इसे भली-भांति जानती भी हैं। ईडी ने 'इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी' (आई-पैक) के सह-संस्थापक प्रतीक जैन के घर और दफ्तर पर छापे की कार्रवाई की थी। कोलकाता में 6 और दिल्ली में 4 ठिकानों पर एक ही दिन में छापे मारे गए थे। यह सूचना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तक पहुंची, तो हडक़ंप मच गया, क्योंकि प्रतीक जैन सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के आईटी प्रकोष्ठ के मुखिया भी हैं। बेशक आई-पैक की स्थापना प्रशांत किशोर ने की थी, लेकिन उन्होंने अब एक राजनीतिक दल बना कर बिहार से राजनीति शुरू कर दी है और उनके उम्मीदवार चुनाव मैदान में भी उतरे थे। अब आई-पैक के प्रथम निदेशक प्रतीक जैन हैं। वह ममता के राजदार और चुनावी रणनीतिकार भी हैं, लिहाजा छापेमारी की सूचना के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, राज्य के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार के साथ, पहले प्रतीक के घर गईं और फिर दोपहर में तीन घंटे आई-पैक के दफ्तर में रहीं। जब बाहर आकर वह मीडिया से मुखातिब हुईं, तो उनके हाथ में हरे रंग की एक फाइल थी। उन्होंने फाइल को अपने सीने से मजबूती के साथ लगाया हुआ था। मुख्यमंत्री ने चुनाव से पहले केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के मद्देनजर केंद्र सरकार को कोसा। खासकर गृहमंत्री अमित शाह के लिए कड़े शब्दों का इस्तेमाल किया। ममता पहले भी गृहमंत्री को 'दुर्योधन' और 'दुशासन' करार दे चुकी हैं। ममता का बुनियादी आरोप था कि उनकी पार्टी की चुनावी रणनीति, उम्मीदवारों के विवरण, बूथवार रणनीति को लूटने के लिए यह छापेमारी कराई गई है। आखिर ईडी किसी भी पार्टी की राजनीतिक, चुनावी रणनीति जानने को छापे क्यों मारेगा? यह उसका संवैधानिक जनादेश नहीं है। ईडी मनी लॉन्ड्रिंग, आर्थिक घोटालों, हवाला, काला धन आदि की ही जांच करता है। राजनीति के औसतन मात्र 2-3 फीसदी ही मामले होते हैं, जिनमें ईडी दखल देकर जांच करता है और अदालत में आरोप-पत्र दाखिल करता है। यदि ईडी की छापेमारी की सजा-दर बेहद कम है, तो उसकी जवाबदेही अदालत की होनी चाहिए, क्योंकि सजा अदालतें ही तय करती हैं। आखिर ममता बनर्जी की उस हरी फाइल में क्या सूचनाएं, रहस्य, ब्यौरे बंद थे कि उस फाइल को कब्जाने, मुख्यमंत्री होने के बावजूद, वह प्रतीक जैन के घर और दफ्तर तक पहुंच गईं? चुनावी रणनीति के आरोप बेमानी हैं, क्योंकि जमीनी स्तर पर सक्रिय राजनीतिक दल अपने प्रतिद्वंद्वियों की रणनीति और संभावित उम्मीदवारों की जानकारी रखते हैं।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 10 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 2020 - सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन से संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधान खत्म करने के बाद लगाए गए प्रतिबंधों की एक हफ्ते के अंदर समीक्षा करने को कहा।
- साल का पहला चंद्रग्रहण 10 जनवरी, शुक्रवार को लगा। यह चंद्रग्रहण 10 जनवरी, रात 10 बजकर 39 मिनट से शुरू हुआ तथा 11 जनवरी के तडक़े 02-40 बजे तक रहा।
- 2013 - पाकिस्तान में कई बम धमाकों में 100 लोगों की मौत, 270 लोग घायल।
- 2010- भारतीय मूल के अमेरिकी फूड सिक्युरिटी एक्सपर्ट राजीव शाह ने अमेरिका के विदेश मंत्रालय के अधीनस्थ संस्था 'यूएस एजेंसी फॉर इंटरनैशनल डिवेलपमेंट' (यूएसएआईडी) के प्रमुख की ज़िम्मेदारी संभाल ली है। इसके साथ ही वह बराक ओबामा प्रशासन में सर्वोच्च पद संभालने वाले भारतीय बन गए।
- 2009- अशोक कजारिया ने पीएचडी चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री का वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद सम्भाला।
- 2008-कार निर्माण की अग्रणी आटोमोबाइल कंपनी 'टाटा मोटर्स' ने एक लाख रुपये वाली कार 'नैनो' पेश किया। विदेष रेल परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण के मामले में रेल क़ानून, 1989 में संधोधन करने वाले प्रस्ताव को मंज़ूरी दी।
- इक्काडोर का तुगंराहो ज्वालामुखी भयानक रूप से फटने के कगार पर पहुँचा।
- 2006- प्रधानमन्त्री मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी को प्रति वर्ष विश्व हिन्दी दिवस के रूप मनाये जाने की घोषणा की थी।
- 2003 - उत्तर कोरिया परमाणु अप्रसार संधि से हटा।
- 2002 - ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर पाकिस्तान पहुँचे, इस्रायल के विदेश मंत्री शिमोन पेरेज तीन दिवसीय यात्रा पर भारत पहुँचे, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद व नाटो में भारत की सदस्यता का पेरेज ने समर्थन किया, लाल सागर में पकड़े अवैध हथियारों के लिए संयुक्त राष्ट्र अमेरिका ने फ़िलिस्तीनी नेता यासर अराफात से जवाब मांगा।
- 2001 - प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी इंडोनेशिया पहुँचे, मेडकाउ बीमारी के प्रति प्रशासनिक लापरवाही के कारण जर्मनी के दो मंत्रियों का इस्तीफ़ा, रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन सोवियत विघटन के बाद पहली बार अजरबैजान पहुँचे।

## विशेष आलेख

# संवाद में निहित होती है लोकतंत्र की आत्मा



डॉ सत्यवान सौरभ



विकसित भारत युवा नेता संवाद भारत की उस दीर्घकालिक सोच का हिस्सा है, जिसमें युवा केवल नीतियों के लाभार्थी नहीं, बल्कि नीति-निर्माण और राष्ट्र-निर्देशन के सक्रिय भागीदार हैं। भारत विश्व का सबसे युवा देश है, जहाँ 65 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। ऐसे में यह स्पष्ट है कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का सपना तभी साकार हो सकता है, जब युवाओं की ऊर्जा, नवाचार और नेतृत्व क्षमता को सही दिशा और मंच प्रदान किया जाए। विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद इसी उद्देश्य को मूर्त रूप देता है। यह पहल युवाओं को संवाद, विचार-विमर्श, नीति सुझाव और नेतृत्व विकास के अवसर प्रदान कर उन्हें राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में सक्षम बनाती है। लोकतंत्र की आत्मा संवाद में निहित होती है। विकसित भारत युवा नेता संवाद युवाओं और शासन के बीच सेतु का कार्य करता है। पारंपरिक रूप से नीति-निर्माण एक सीमित वर्ग तक सिमटा रहता था, परंतु इस पहल के माध्यम से युवाओं को अपनी समस्याएँ, आकांक्षाएँ और समाधान सीधे प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है। यह न केवल लोकतांत्रिक सहभागिता को गहरा करता है, बल्कि शासन को अधिक उत्तरदायी और समावेशी भी बनाता है। युवा जब अपनी आवाज़ नीति-निर्माण में प्रतिबिंबित होते देखते हैं, तो उनमें लोकतंत्र के प्रति विश्वास और उत्तरदायित्व की भावना सुदृढ़ होती है। युवा नेतृत्व का सशक्तिकरण केवल राजनीतिक नेतृत्व तक सीमित नहीं है। विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद युवाओं को सामाजिक, आर्थिक, तकनीकी और पर्यावरणीय क्षेत्रों में नेतृत्व के लिए तैयार करता है। संवाद और विचार-विमर्श के माध्यम से युवाओं में आलोचनात्मक सोच, समस्या-समाधान की क्षमता और दीर्घकालिक दृष्टि का विकास होता है। यह उन्हें तात्कालिक लाभ से ऊपर उठकर राष्ट्रहित और सतत विकास के व्यापक लक्ष्यों पर विचार करने के लिए प्रेरित करता है। इस प्रकार यह पहल नेतृत्व को मूल्य-आधारित, संवेदनशील और दूरदर्शी बनाती है। वर्ष 2047 तक सतत विकास भारत की सबसे बड़ी चुनौती और आवश्यकता दोनों है। आर्थिक वृद्धि के साथ सामाजिक न्याय, पर्यावरण संरक्षण और समावेशिता सुनिश्चित करना एक जटिल कार्य है। युवा नेता संवाद युवाओं को सतत विकास लक्ष्यों की समझ प्रदान करता है और उन्हें समाधान का हिस्सा बनाता है। जलवायु परिवर्तन, संसाधनों की कमी, शहरीकरण, बेरोजग़ारी और असमानता जैसे मुद्दों पर युवा अपने अनुभव और नवाचारी विचार साझा करते हैं। इससे नीतियाँ अधिक व्यावहारिक, जमीनी और भविष्य-सुरक्षित बनती हैं।

शिक्षा और कौशल विकास के संदर्भ में भी विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। संवाद के दौरान युवा शिक्षा प्रणाली की कमियों, कौशल-असंगति और रोजगार योग्य प्रशिक्षण की आवश्यकता को उजागर करते हैं। इससे सरकार को शिक्षा और कौशल नीतियों को युवाओं की वास्तविक ज़रूरतों के अनुरूप ढालने में सहायता मिलती है। वर्ष 2047 तक भारत को ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था बनाना है, और यह तभी संभव है जब युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, डिजिटल साक्षरता और नवाचार के अवसर मिलें। युवा नेता संवाद इस दिशा में एक वैचारिक प्रयोगशाला की तरह कार्य करता है। युवा नेता संवाद विभिन्न पृष्ठभूमियों से आए युवाओं को एक मंच पर लाकर समावेशी सोच को बढ़ावा देता है। जब ग्रामीण, शहरी, आदिवासी, अल्पसंख्यक और महिला युवा एक साथ संवाद करते हैं, तो नीति सुझाव अधिक संतुलित और न्यायपूर्ण बनते हैं। यह पहल हाशिए पर पड़े वर्गों की आवाज़ को मुख्यधारा तक पहुँचाने में सहायक है। डिजिटल युग में युवा सबसे बड़े परिवर्तनकारी एजेंट हैं। विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद डिजिटल प्लेटफॉर्म और संवाद का उपयोग कर युवाओं की भागीदारी को व्यापक बनाता है। इससे भौगोलिक सीमाएँ टूटती हैं और देश के दूर-दराज़ क्षेत्रों के युवा भी राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनते हैं। डिजिटल सहभागिता पारदर्शिता, पहुँच और गति को बढ़ाती है, जो सुशासन के लिए आवश्यक तत्व हैं। वर्ष 2047 तक डिजिटल इंडिया की परिकल्पना को साकार करने में युवा नेतृत्व की यह भूमिका निर्णायक होगी। नीति-निर्माण में युवाओं की भागीदारी केवल सुझाव तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि क्रियान्वयन और निगरानी तक विस्तारित होनी चाहिए। विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद युवाओं में उत्तरदायित्व की भावना विकसित करता है, जिससे वे केवल आलोचक नहीं, बल्कि समाधानकर्ता बनते हैं। जब युवा किसी नीति के निर्माण में शामिल होते हैं, तो उसके सफल क्रियान्वयन में भी उनकी भागीदारी स्वाभाविक हो जाती है। इससे नीति और समाज के बीच की दूरी कम होती है। आर्थिक विकास के संदर्भ में भी युवा नेता संवाद की भूमिका अहम है। स्टार्टअप, उद्यमिता, नवाचार और आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों पर युवा अपने अनुभव और अपेक्षाएँ साझा करते हैं। इससे रोजगार सृजन, एमएसएमई सशक्तिकरण और नवाचार-आधारित विकास को गति मिलती है। वर्ष 2047 तक भारत को पाँच ट्रिलियन डॉलर से आगे की अर्थव्यवस्था बनाना है, और इसमें युवा उद्यमियों और नेताओं की भूमिका केंद्रीय होगी। पर्यावरणीय स्थिरता के बिना विकास अधूरा है। युवा स्वाभाविक रूप से पर्यावरण के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं, क्योंकि भविष्य की सबसे बड़ी कीमत उन्हें ही चुकानी है। विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद युवाओं को पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, सतत उपभोग और हरित विकास पर नेतृत्व प्रदान करने का अवसर देता है। इससे विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करने में सहायता मिलती है। अंततः विकसित भारत युवा नेता संवाद केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक दृष्टिकोण है।

# नवगठित ब्यावरः विकास से पहले 'रिश्वत' का लोकतंत्रीकरण

### जिला बना, उम्मीदें जगीं लेकिन फाइलों से पहले 'गांधी जी' दौड़ पड़े



अनिल सिखवाल,ब्यावर

ब्यावर को जिला बने अभी जुम्मा-जुम्मा कुछ ही दिन हुए थे कि लोगों को लगा अब विकास की हवा चलेगी, प्रशासन पास आएगा और काम बिना सिफारिश के होंगे। मगर अफसोस—तरक्की की खुशबू से पहले ही एसीबी के छापों की कडक़ महक फैलने लगी लोग सोच रहे थे कि अब फाइलें तेज़ी से दौड़ेंगी, लेकिन हकीकत यह निकली कि फाइलें अब भी गांधीजी के नोटों के पहियों पर ही रेंग रही हैं नवगठित ब्यावर जिले से लोगों की उम्मीदें नई थीं—तेज़ विकास, पारदर्शी प्रशासन और जवाबदेह सिस्टम। लेकिन हकीकत मानो आईने के सामने खड़ी होकर सवाल पूछ रही है। एसीबी की तीन-तीन कार्रवाइयाँ, कभी पुलिस विभाग, कभी परिवहन विभाग, तो कभी पटवारी तंत्र—और हर बार वही पुरानी कहानीः रिश्वत, सौदेबाज़ी और दबे हुए हाथ। प्रश्न यह नहीं कि एसीबी सक्रिय क्यों है? प्रश्न यह है कि एसीबी को बार-बार सक्रिय होना क्यों पड़ रहा है?क्या नवगठित जिले की नींव ही उन फाइलों पर रखी गई थी, जिनके बीच से नोटों की गड्डियाँ झांकती हैं?जिला बना, तो लगा अब फैसले पास आएंगे, जनता की सुनवाई होगी। पर लगता है फैसले तो पास आए, पर जेब के मानो विभागों के बीच कोई अघोषित प्रतियोगिता चल रही हो कि कौन सबसे पहले एसीबी के जाल में फँसकर नवगठित जिले का 'नाम रोशन' करेगा।

**'सुविधा शुल्क' का नया जिला मुख्यालय'**

आमतौर पर नए जिलों में दफ्तर, भवन और सिस्टम तैयार होने में वक्त लगता है, लेकिन ब्यावर के भ्रष्ट तंत्र ने तो पहले ही दिन से वर्क फ्रॉम होम', 'कैश ऑन डिलीवरी' और 'रेट कार्ड सिस्टम' शुरू कर दिया आम आदमी को लगा था कि अब अजमेर-जयपुर के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, पर उसे क्या पता था कि अब रिश्वत देने की विश्वस्तरीय सुविधा घर के पास ही उपलब्ध होगी काम चाहे छोटा हो या बड़ा—पहले 'भाव-ताव', फिर फाइल आगे।

**तीन बार एसीबी कार्रवाई- हैट्रिक या परंपरा?**

ब्यावर जिले में एसीबी की तीन-तीन कार्रवाइयाँ यह बताने के लिए काफी हैं कि नवगठित जिले में भ्रष्टाचार कोई अपवाद नहीं, बल्कि उभरती परंपरा बनता जा रहा है कभी वर्दी कानून की रक्षा के बदले दक्षिणा मांगती है,

कभी पटवारी ज़मीन को आसमान पर चढ़ाने की कीमत तय करता है, और परिवहन विभाग मानो सडक़ सुरक्षा से ज़्यादा जेब सुरक्षा में व्यस्त है ऐसा लगता है जैसे जिला बनने के साथ ही भ्रष्टाचार को भी नया जीवन प्रमाण पत्र मिल गया हो।

**लगाम कैसे लगे? (सुझाव, क्योंकि अमल कड़वा है)** इस बेलगाम तंत्र पर काबू पाने के लिए सिर्फ छापे काफी नहीं, बल्कि कड़े फैसलों की जरूरत है—

**डिजिटल और फेसलेस सिस्टम**

जब तक बाबू और जनता बंद कमरों में मिलते रहेंगे, नोटों की आवाज़ दस्तावेज़ों से तेज़ रहेगी।

**नजीर वाली सज़ा- ट्रैप ही नहीं**

संपत्ति जब्ती और सार्वजनिक दंड भी ज़रूरी है, ताकि डर पैदा हो।

जनता की भागीदारी - रिश्वत देना मजबूरी नहीं, बल्कि अपराध की पहली सीढ़ी हैयह समझ समाज को ही बनानी होगी। ब्यावर जिला मॉडल जिला बनने का सपना लेकर अस्तित्व में आया था, लेकिन मौजूदा हालात देखकर लगता है कि यह कहीं 'करप्शन कॉरिडोर' न बन जाए अगर समय रहते प्रशासन ने इन दीमकों पर लगाम नहीं कसी, तो विकास की नींव मजबूत होने से पहले ही खोखली हो जाएगी जिला नया है, लेकिन अगर सोच और सिस्टम पुराने रहे तो इतिहास यही लिखेगा 'नाम बदला, नक्शा बदला मगर भ्रष्टाचार जस का तस रहा।'

## साफ बात | बढ़ता राजस्थान

# माटसाब की जान को आफत क्यों कर रही हैं सरकारें

माट साब कहीं के भी हों सभी सरकारों को ये एकदम फ्री फोकटी नजर आते हैं। कहीं भी देख लो, कोई भी योजना देख लो सरकारी मास्टर-बहनजी के बगैर पूरा होना असंभव सा प्रतीत होता है। ऐसे में अब राजस्थान में मास्टर जी अब केवल पढ़ाएंगे नहीं बल्कि जरूरत पडऩे पर डंडा लेकर कुत्तों को भी ताड़ेंगे। शिक्षा विभाग के ताजा आदेश तो कुछ यही कहानी बयां कर रहे हैं। आदेश के अनुसार स्कूलों के आसपास घूम रहे आवारा कुत्तों को भगाने के लिए पकड़वाने की जिम्मेदारी शिक्षकों को सौंप गई है। मकसद निःसंदेह अच्छा है लेकिन टीचर के साथ इस तरीके का काम करना एक पद का अपमान और गरिमा को ठेस पहुंचाने का काम है। शिक्षक पहले से ही गैर शैक्षणिक कार्यों में अपना सारा समय दे रहे हैं चाहे चुनाव की ड्यूटी हो सर्वे हो जनगणना हो या फिर मध्यान भोजन हो या फिर शौचालय खुले में जाने वाले लोगों की गणना हो और अभी हाल ही में ऐसा एसआईआर में शिक्षकों की जो रेल सरकार और प्रशासन ने बनाई वह किसी से छुपी हुई नहीं है। अब आवारा कुत्तों से निपटने में भी शिक्षकों की जरूरत सरकार को पड़ी है कभी किसी ने सोचा कि जिन कार्यों के लिए संबंधित विभाग या कोई संस्था जिसका दायित्व बनता है वह उसकी बजाय शिक्षकों के साथ यह काम कराया जाए ऐसी क्या आफत आन पड़ी। या फिर सरकार का क्या सरकारी अध्यापकों से कोई छत्तीस का आंकड़ा तो नहीं इसका बड़ा कारण आज अपने इस आर्टिकल के जरिए में बताना चाहूंगा कि शिक्षकों के साथ अपमानजनक कार्य करवाए क्यूं जा रहे हैं जबकि शिक्षकों का पद बड़ा सम्मानजनक पद है उसके बावजूद भी उनसे इस तरीके से अपमानजनक पदों पर लगाकर उनका माखौल उड़ाया जा रहा है। कभी किसी ने सोचा कि ऐसी स्थिति में शिक्षकों को सरकार क्यों लग रही है तो अपने इस आर्टिकल के जरिए मैं यह बताना चाह रहा हूं कि वास्तव में शिक्षक अपना नियमित काम करते तो शायद आज ऐसी बुरी स्थिति शिक्षक की ना होती। जबकि शिक्षक को इस समाज का प्रमुख आईना माना जाता है। शिक्षक ने कभी बच्चों की शिक्षा के प्रति गंभीर ही रहा ही नहीं,हमेशा ग्रामीण क्षेत्रों में मास्टर जी बच्चों से कहीं छाछ तो कहीं खेतों से मूली गाजर तुड़वाकर और खा पी कर घर आ जाते थे। ऐसे में सरकारों को लगा की सबसे ज्यादा तनख्वाह पाने वाले इस इंसान ने काम ही नहीं किया इसलिए आज उन्हें ऐसे काम दिए जा रहे हैं, जिससे उनके पद और गरिमा को ठेस पहुंच रही है। मैं 5 प्रतिशत शिक्षकों की तो नहीं कहूंगा जिन्होंने सच में शिक्षा के स्तर को बढ़ावा दिया है बाकी 95 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे बहुत सारे टीचर्स हैं जिन्होंने कभी बच्चों को मन से पढ़ाया ही नहीं। खैर सरकारें ऐसे कार्य टीचर्स से ना कराएं जिनसे उनकी गरीमा को ठेस पहुँचे।

**रूपक शर्मा**
**बढ़ता राजस्थान**

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# ठंड में सिर्फ 3 महीने मिलने वाला ये साग डायबिटीज-कोलेस्ट्रॉल का है काल, खाने से इम्यूनिटी भी होगी बूस्ट

सर्दियों के मौसम में तरह-तरह के साग का सेवन किया जाता है। सरसों, मेथी, पालक और बथुआ का साग तो आपने बहुत बार खाया होगा। लेकिन क्या आपने कभी चने का साग खाया है? जी हां, चने का साग सिर्फ सर्दियों के मौसम ही मिलता है। चने का साग खाने में जितना स्वादिष्ट लगता है, उतना ही सेहत के लिए फायदेमंद भी होता है। इसमें विटामिन, प्रोटीन, फाइबर, आयरन, कैल्शियम और पोटैशियम जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो सेहत को कई लाभ पहुंचाते हैं। चने के साग का सेवन करने से कब्ज से लेकर डायबिटीज जैसी शरीर की कई समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है

**-डायबिटीज में फायदेमंद-** डायबिटीज के मरीजों के लिए चने के साग का सेवन बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है। दरअसल, इसमें विटामिन-बी, विटामिन-सी और फोलेट जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं। एनसीबीआई के अनुसार, ये पोषक तत्व टाइप 2 डायबिटीज में फायदेमंद होते हैं। इसके अलावा, इसमें नेचुरल इंसुलिन प्रोडक्शन करने की क्षमता होती है। ऐसे में, इसका सेवन करने से ब्लड शुगर को नियंत्रित रखने में मदद मिल सकती है।

**-कब्ज से छुटकारा दिलाए** -चने के साग का सेवन करने से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है। दरअसल, इसमें फाइबर भरपूर मात्रा में मौजूद होता है, जो पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में मदद करता है। इसके सेवन से मल पतला होता है, जिससे कब्ज की समस्या नहीं होती है। साथ ही, यह आंतों को साफ रखने में भी मदद करता है। इम्यूनिटी बूस्ट करे सर्दियों में इम्यूनिटी कमजोर होने के कारण हम बार-बार बीमार पडऩे लगते हैं। ऐसे में, चने के साग का सेवन करने से इम्यूनिटी बूस्ट हो सकती है। दरअसल, इसमें विटमिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज आपको करियर में अच्छा उछाल देखने को मिलेगा, लेकिन आपके कुछ विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं। आपके ऊपर कुछ कर्जा था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतार सकते हैं। सेहत

**वृष**

आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप अपने कारोबार में कुछ योजनाओं की शुरुआत करेंगे, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। जीवनसाथी के लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष कर दिखाने के लिए रहेगा। आपको बिजली के उपकरणों से सावधान रहने की आवश्यकता है। सांसारिक सुख भोग के साधनों मे वृद्धि होगी और आपको काम अधिक रहने से आप थोड़ा

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए सुख साधनों की प्राप्ति के लिए रहेगा। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। पारिवारिक व्यवसाय में किसी बात को लेकर कड़वाहट चल रही थी, तो वह भी

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। ऑफिस में आपके खिलाफ आज कोई पॉलिटिक्स रची जा सकते हैं, जिससे आपको सतर्क रहना होगा और अपने कामों को पूरी

**कन्या**

आज आपके सामने कुछ खर्च आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी और आप अपने भाई व बहनों से कुछ जरूरी कामों को लेकर बातचीत कर सकते हैं। यदि

**तुला**

आज आपको अपने कामों को लेकर धैर्य व संयम बनाए रखना होगा। आपके मन में कुछ उलझन रहने से आप परेशान रहेंगे। यदि आपको कोई जिम्मेदारी मिले, तो उसको लेकर लापरवाही बिल्कुल ना दिखाएं और किसी से कोई वादा भी सोच समझ कर करें, क्योंकि आने वाले समय

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। आपको अपने मेहनत का पूरा फल मिलेगा और लेन-देन से संबंधित मामलों में आपको थोड़ा सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। नौकरी बदलने के आपके जो प्रयास है, वह आपके लिए बेहतर रहेंगे। रोजगार की तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके कुछ नए प्रयास बेहतर रहेंगे। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको कोई नई जिम्मेदारी मिलने से आप काफी परेशान रहेंगे और संतान को आप कहीं बाहर घूमने फिरने भी लेकर जा सकते हैं।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए धर्म कर्म के कार्यों से जुडक़र नाम कमाने के लिए रहेगा। आप अपने पिताजी से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं और कुछ कामों को लेकर आपका मन विचलित रहेगा।

# टोंक में नकली घी बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, 100 किलो मिलावटी घी जब्त

## टोंक में संचालित दुकान से लिये खाद्य पदार्थ के 02 नमूने

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** शहर में शुक्रवार को एक बार फिर से नकली घी बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। शहर के मकान की छत पर कुछ लोग सरस, कृष्णा और महान जैसे ब्रांडेड घी तैयार कर रहे है। डालडा घी, सोयाबीन और वनस्पति तेल मिलाकर घी तैयार किया जा रहा था ।

दरअसल टोंक जिले में अब तक कई बार नकली घी बनाने की फैक्ट्रियां पकड़ी जा चुकी है। खाद्य एवं स्वास्थ्य निरीक्षक सत्यनारायण गुर्जर के नेतृत्व में अब तक कई बार कार्रवाई की जा चुकी है। शुक्रवार को भी मुखबीर की सूचना मिलने पर खाद्य निरीक्षक सत्यनारायण गुर्जर शहर के इंदिरा कॉलोनी में पूरी टीम के साथ पहुंचे तो मकान की छत पर नकली घी बनाने की फैक्ट्री संचालित हो रही थी, मौके से करीब 100 किलो नकली घी जप्त किया गया है, साथ ही सरस, महान और कृष्णा कंपनी के खाली रैपर भी बरामद किए है। खाद्य निरीक्षक सत्यनारायण गुर्जर ने बताया कि फिलहाल घी का सैम्पल लिए गए है साथ ही अन्य ब्रांडेड कंपनियों को भी चिट्ठी लिखकर कार्रवाई करने की बात कही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर द्वारा टोंक शहर में संचालित फर्म श्री महावीर डिपार्टमेंटल स्टोर इंदिरा कॉलोनी टोंक का औचक निरीक्षण कर कृष्णा घी एवं सरस घी के 2 नमूने लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला में भिजवाया गया, साथ ही 58 किलो कृष्णा घी एवं 49 किलो सरस घी को सीज किया साथ ही महान घी एवं सरस घी के खाली डिब्बे भी मौके पर मिले जिनको भी सीज किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने बताया कि मिलवाटी खाद्य तेल, मिलावटी घी, मिलावटी दूध एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ (मावा, पनीर इत्यादि ) मिलावटी मसाले, अन्य मिलावटी खाद्य सामग्री (पेय पदार्थ, आटा, बेसन, इत्यादि) तथा खुले में खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोकथाम विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। मिलावट पाये जाने पर नियमानुसार मिलावट खोरों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।



देवली में 76 लीटर घी ग्वाल कृष्णा को किया सीज तथा 20 लीटर एक्सपायर घी सरस को किया नष्ट

खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी शुभमंगला और जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी द्वारा गठित टीम द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन लाल गुजर के नेतृत्व में टोंक जिले के देवली उपखंड में जे के प्रोविजन स्टोर जहाजपुर चुंगी नाका में स्थित दुकान पर छापा मारकर घी ग्वाल कृष्णा ब्रांड का नमूना लेकर शेष बचे हुए लगभग 76 लीटर घी ग्वाल कृष्णा को जांच रिपोर्ट आने तक नियमानुसार सीज कर विक्रेता की सुरक्षित अभिरक्षा में रखने हेतु सुपुर्दगी दी गई।

उक्त खाद्य पदार्थ को मिलावट का अंदेशा होने के कारण ि एक्ट के अंतर्गत नियमानुसार सीज किया गया। साथ ही लगभग 20 लीटर घी सरस ब्रांड एक्सपायर को मौके पर ही नष्ट कराया गया। इसी प्रकार अन्य फर्म जगदीश प्रसाद अमर चंद छाया मार्केट से धनिया पाउडर खुला का नमूना लिया गया एवं धाकड किराना स्टोर दोलता मोड देवली से फिल्टर मूंगफली तेल शिवम पोस्टमैन का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला में भिजवाया गया।

## कोतवाली पुलिस थाना इलाके के कालीपलटन में युवक की चाकू मारकर हत्या, पुलिस ने 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** थाना कोतवाली टोंक के कालीपलटन क्षेत्र में 6 जनवरी को हुई एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव और वृत्ताधिकारी मृत्युन्जय मिश्रा के सुपरविजन में थानाधिकारी भवरलाल के नेतृत्व वाली थाना हाजा की टीम और डीएसटी ने यह सफलता हासिल की। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 11 जनवरी तक पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है।घटना की प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) 6 जनवरी को परिवादी जिनत ने दर्ज कराई, जिसमें बताया गया कि शाम करीब 7:30 बजे उसके भाई



सोहेल उर्फ सोनू घर पर खाना खा रहे थे। तभी आरोपी दिलशाद उर्फ शाबू ने दरवाजा खटखटाकर सोनू को बाहर बुलाया। बाहर आने पर दिलशाद के साथ फईम भी था, जिन्होंने चाकू से सोनू के सीने में वार कर दिया। चिल्लाने की आवाज सुनकर जिनत और पड़ोसी पहुंचे तो सोनू खून से लथपथ थे। आरोपी मोटरसाइकिल पर भाग निकले। सोनू को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन जयपुर रेफर होते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई।पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी फईम की लगभग 5 माह पहले मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। फईम को शक था कि सोनू ने ही चुराई है। इसी रंजिश को लेकर दोनों आरोपी 6 जनवरी को सोनू के घर पहुंचे। दिलशाद ने आवाज देकर बाहर बुलाया और गली में ले जाकर मारपीट की, फिर चाकू से वार कर फरार हो गए।पुलिस की सतर्कता से गिरफ्तारीघटना के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश के लिए कई टीमें गठित कीं। शहर के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण, तकनीकी साधनों और पारंपरिक तरीकों से हनुमान नगर (जहाजपुर), जिला भीलवाड़ा से दोनों को दबोच लिया गया।गिरफ्तार आरोपी दिलशाद उर्फ खाँबु (23 वर्ष), पुत्र रईस खाँ, निवासी कुम्हारो की चोकी, कालीपलटन, थाना कोतवाली टोंक। फहीम (25 वर्ष), पुत्र फरीद, निवासी कच्ची बस्ती धन्नातलाई, थाना कोतवाली टोंक।

## आदलवाड़ा में जिला कलक्टर की रात्रि चौपाल, ग्रामीणों से सीधा संवाद

### समस्याएँ सुनीं, समाधान के लिए मौके पर दिए समयबद्ध निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा की ग्राम पंचायत आदलवाड़ा के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने सडक़ निर्माण करवाने, रास्तों पर ग्रेवलिंग करवाने, मुख्य एवं खेतों तक जाने वाले मार्गों से अतिक्रमण हटवाने, पाइपलाइन लीकेज सही करवाने जैसी समस्याएँ रखीं। जिला कलक्टर ने सभी परिवादों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव में डाली गई पाइपलाइन के लीकेज को ठेकेदार के माध्यम से शीघ्र दुरुस्त करवाने तथा प्रत्येक घर तक निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने ग्रामीणों से 150 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली योजना का लाभ उठाने हेतु



रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाने की अपील की। रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलक्टर ने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता पर जोर देते हुए सात दिन से अधिक खांसी होने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने का आह्वान किया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पैनल अधिवक्ता लोकेश कुमार सीठा, पैरा लीगल वालंटियर मोर सिंह गुर्जर ने लोगों को विधिक सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराई। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, उपखण्ड अधिकारी जोगेन्द्र सिंह, विकास अधिकारी इंद्र कुमार मीणा, तहसीलदार नीरज सिंह, सरपंच सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कार्यकर्ता से ही पार्टी की एकता, बूथ स्तर पर एकता से करें कार्य- एकता अग्रवाल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** शहर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक भवन में निवाई विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और बूथ लेवल एजेंट्स महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा प्रदेश मंत्री एकता अग्रवाल, विधायक रामसहाय वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, पूर्व सांसद सुखबीरसिंह जौनापुरिया, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, जिला उपाध्यक्ष रमाकांत शर्मा व पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी ने दीप प्रज्वलित करके किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य

**आगामी चुनाव व मतदाता सूची पुनरीक्षण पर हुई चर्चा**



अतिथि व भाजपा प्रदेश मंत्री एकता अग्रवाल ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की एकता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की असली रीढ़ हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि वह अपने-अपने बूथ पर जाकर फॉर्म 7 व 8 पर प्राथमिकता से कार्य करें और अधिक से अधिक नए मतदाताओं के नाम जुडवाने पर जोर दें। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव के लिए कार्यकर्ताकमर कसे। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि परिष्कृत मतदाता सूची ही लोकतंत्र की जीत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह अभी से आगामी नगर ईकाई व पंचायती राज चुनावों की तैयारियों में जुट जाएं। विधायक ने एसआईआर में नाम दुरुस्त करवाने एवं चुनावी प्रक्रियाओं में बढ-चढकर भाग लेने का आह्वान किया। बैठक में पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, पूर्व डी.आर. ममता चौधरी, पूर्व प्रधान ममता जाट, शहर मंडल अध्यक्ष नितिन जैन छाबड़ा, नटवाड़ा मंडल अध्यक्ष बद्री विजय, डांगरथल मंडल अध्यक्ष केदार चौधरी, पुरुषोत्तम शर्मा, महामंत्री जयनारायण कुमावत, वंश प्रदीप पारीक, छोटूलाल शर्मा, आशाराम गुर्जर, नारायण यादव व गणेशसिंह राजावत सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## करौली में शिक्षिका की मानसिक प्रताड़ना का मामला: कलेक्टर ने प्रधानाचार्य के खिलाफ जारी किया 17 सीसीए आरोप पत्र

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/ करौली(राकेश शर्मा)।** एक शिक्षिका को मानसिक रूप से प्रताडित करने और धमकाने का मामला प्रधानाचार्य पर भारी पड़ गया है! पीडित शिक्षिका की शिकायत पर गठित जांच समिति द्वारा प्रधानाचार्य को दोषी पाए जाने के बाद जिला कलेक्टर ने उनके खिलाफ राजस्थान सिविल सेवा नियमों के तहत 17 सीसीए आरोप पत्र जारी किया है। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि यह कार्रवाई राजस्थान सिविल सेवा नियम, 17 के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (राउमावि), करीरी, ब्लॉक टोडाभीम के प्रधानाचार्य राजकुमार मीना के विरुद्ध की गई है! उन्होंने बताया कि पीडित वरिष्ठ अध्यापिका द्वारा प्रधानाचार्य के विरुद्ध मानसिक प्रताडना एवं धमकाने संबंधी शिकायत की गई थी। प्रकरण की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच के लिए जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक शिक्षा), करौली द्वारा तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया था। जांच समिति की सिफारिशों के अनुसार यह पाया गया कि दुर्घटना की परिस्थितियों में शिकायतकर्ता द्वारा विधिसम्मत रूप से ऑनलाइन प्रस्तुत सीसीएल (चाइल्ड केयर लीव) अवकाश आवेदन के बावजूद अवकाश स्वीकृत नहीं किया गया। इतना ही नहीं उनके वेतन में कटौती की गई तथा शाला दर्पण पोर्टल पर अवकाश के बजाय अनुपस्थिति का गलत अंकन किया गया।

## चाँदसेन स्कूल खेल मैदान अतिक्रमण मामले में हाईकोर्ट के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा उपखण्ड के चाँदसेन स्थित राजकीय विद्यालय के खेल मैदान पर कथित अतिक्रमण एवं पट्टे जारी करने की तैयारी से जुड़ी याचिका पर राजस्थान हाईकोर्ट, जयपुर ने महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने मालपुरा के उपखण्ड अधिकारी (एसडीओ) को आदेशित किया है कि याचिकाकर्ता द्वारा प्रेषित विधिक नोटिस एवं याचिका में उठाए गए सभी मुद्दों का परीक्षण कर 15 दिवस के भीतर विधि सम्मत कार्यवाही करें।

न्यायाधीश अनुरूप सिंघी की एकलपीठ ने यह आदेश चाँदसेन स्कूल की एसडीएमसी के सदस्य एवं पर्यावरण कार्यकर्ता रामनारायण रेगर द्वारा अधिवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा (मालपुरा) के माध्यम से दायर याचिका की सुनवाई के उपरांत पारित किया।

याचिका में बताया गया कि राजस्व रिकॉर्ड में विद्यालय के खेल मैदान के नाम दर्ज भूमि पर गाँव के कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया है। साथ ही ग्राम पंचायत द्वारा उक्त खेल मैदान की भूमि पर आबादी के पट्टे जारी करने की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री सहित अन्य उच्च अधिकारियों को ज्ञापन भेजकर अवगत कराया, परंतु कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई। इन परिस्थितियों को चुनौती देते हुए याचिकाकर्ता ने न्यायालय से खेल मैदान को सुरक्षित रखने की गुहार लगाई। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने याचिका का निस्तारण करते हुए मालपुरा के उपखण्ड अधिकारी को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले अभ्यावेदन पर 15 दिवस में विधि सम्मत निर्णय लें तथा पारित आदेश की सूचना याचिकाकर्ता को उपलब्ध कराएं।

## राजेश नागौरा सोसाइटी के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** राजस्थान प्रदेश डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष, सेवानिवृत्त आईजी पुलिस सतवीर सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुमति से पंचायत समिति मालपुरा के पूर्व प्रधान राजेश नागौरा को सोसाइटी के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। उनकी इस नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए आशा जताई है कि उनके नेतृत्व में सोसाइटी की गतिविधियाँ और अधिक सशक्त होंगी।

## श्याम मंदिर में पंडितों ने लिया बाल विवाह रोकने का संकल्प




बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** सिकोईडिकोन संस्था द्वारा संचालित न्याय तक पहुंच परियोजना के अंतर्गत इंदिरा कॉलोनी में खाटू श्याम मंदिर में बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज को बाल विवाह जैसी कुरीति के प्रति जागरूक किया गया। संस्था की कार्यकर्ता किरण शर्मा ने मौजूद लोगों व श्रद्धालुओं को बाल विवाह के गंभीर दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कम उम्र में विवाह होने से बच्चों का शारीरिक विकास रुक जाता है एवं वह शिक्षा व उज्ज्वल भविष्य के अवसरों से भी वंचित रह जाते हैं। किरण शर्मा ने कहा कि इस सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए हम सभी को मिलकर जिम्मेदारी उठानी होगी। इस अभियान की सफलता तब और बढ गई जब मंदिर के पंडितों ने इस मुहिम को अपना पूरा समर्थन दिया। किरण शर्मा ने उपस्थित सभी पंडितों को बाल विवाह नहीं करवाने की शपथ दिलाई। पंडितों ने पूरी निष्ठा के साथ इस पहल की सराहना करते हुए संकल्प लिया कि वह विवाह संपन्न कराने से पहले वर-वधु की आयु की जांच करेंगे और समाज में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाएंगे।

## शिफ्टिंग: रणथंभौर से टाइगर टी-2408 को कोटा के मुकुंदरा में किया शिफ्ट अब बढ़कर 6 हो जाएगी बाघों की संख्या

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** देश में विख्यात रणथंभौर नेशनल पार्क से कोटा स्थित मुकुंदरा टाइगर रिजर्व में शुक्रवार को एक और टाइगर की शिफ्टिंग की गई। मेल टाइगर टी-2408 को शुक्रवार को रणथंभौर के लाहपुर एरिया से ट्रेंकुलाइज कर कोटा के लिए रवाना किया।

### ट्रेंकुलाइज कर शुरू हुई शिफ्टिंग प्रक्रिया

टी-2408 को ट्रेंकुलाइज करने के बाद, वन विभाग की टीम ने मेडिकल जांच कर उसकी सेहत को पूरी तरह से ठीक पाया। इसके बाद उसे मुकुंदरा के दर्रा क्षेत्र में स्थित 21 हेक्टेयर के सॉफ्ट एनक्लोजर में शिफ्ट करेंगे।

### 6 हुई बाघों की संख्या



**ये हैं राजस्थान के 5 फेमस टाइगर रिजर्व**

- सरिस्का बाघ अभयारण्य
- रणथंभौर टाइगर रिजर्व
- मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व
- रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व
- धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व

मुकुंदरा टाइगर रिजर्व में फिलहाल 5 बाघ हैं, जिसमें 3 बाघिन और एक बाघ शामिल हैं, साथ ही एक शावक भी है। अब ज्ज-2408 के शिफ्ट होने के बाद, बाघों की संख्या 6 हो जाएगी।

## खुशखबर: जल्द दौड़ेगी इलेक्ट्रिक ट्रेन, 143 करोड़ रुपए की लागत से चल रहा काम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/ गंगापुर सिटी (राकेश शर्मा)।** करीब डेढ़ साल पूर्व शुरू हुए गंगापुर सिटी- दौसा रेलवे ट्रैक के विद्युतीकरण कार्य में तेजी आई है। उत्तर पश्चिम रेलवे ने इसे अपनी प्राथमिक परियोजनाओं में शामिल किया है। जिस गति से काम चल रहा है, उससे संकेत मिल रहे हैं कि यह कार्य तय समय से पहले पूरा हो सकता है। रेलवे ने इस परियोजना को 143 करोड़ रुपए की लागत से मार्च 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है, लेकिन संबंधित अधिकारी इसे जनवरी या फरवरी 2026 तक पूरा करने की दिशा में प्रयासरत हैं। इसके पूरा होने के बाद दौसा से गंगापुर सिटी के बीच इलेक्ट्रिक इंजन से यात्री और



मालगाडियों का संचालन शुरू हो जाएगा। रेलवे ने इस ट्रैक पर पिछले वर्ष ट्रेन संचालन शुरू करने के साथ ही विद्युतीकरण की तैयारी भी आरंभ कर दी थी। निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद संवेदक ने कार्य शुरू किया। अब तक दौसा से सलेमपुरा-अरण्या रेलवे स्टेशन तक पोल खड़े कर विद्युत लाइन खींचने का काम पूरा कर लिया गया है। वर्तमान में सलेमपुरा से लालसोट के बीच कार्य तेजी से जारी है।

### औद्योगिक विकास को भी मिलेगी नई दिशा

दौसा-गंगापुर रेलवे ट्रैक के विद्युतीकरण के बाद यह मार्ग देश के सबसे व्यस्त रेल कॉरिडोर दिल्ली-अहमदाबाद और दिल्ली-मुंबई से सीधे जुड़ जाएगा। इससे न केवल रेलवे नेटवर्क मजबूत होगा, बल्कि पूरे क्षेत्र के आर्थिक और औद्योगिक विकास को भी नई दिशा मिलेगी।विद्युतीकरण के बाद इस रूट से लंबी दूरी की ट्रेनों का संचालन संभव हो सकेगा। वहीं, उद्योग-धंधों और व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार के नए अवसर भी पैदा होंगे। रेलवे ने इस ट्रैक पर बनियान स्टेशन पर माल ढुलाई के लिए एक बड़ा यार्ड विकसित किया है। इसके अलावा लालसोट और मंडावरी की प्रमुख कृषि उपज मंडियों को देखते हुए रेलवे अधिकारी यहां से कृषि उत्पादों की माल ढुलाई को लेकर उद्यमियों से लगातार संवाद कर रहे हैं। इससे किसानों और व्यापारियों को सीधा लाभ मिलेगा।

### होगा ये बड़ा फायदा

दौसा-गंगापुर ट्रैक के विद्युतीकरण से रेलवे को परिचालन स्तर पर बड़ा फायदा मिलेगा।

इसके बाद पंजाब, हरियाणा, अलवर, दौसा, गंगापुर सिटी, कोटा, इंदौर, भोपाल, नागपुर, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, हैदराबाद, बेंगलुरु और चेन्नई जैसे प्रमुख शहरों को जोडऩे वाली कई ट्रेनों को इसी मार्ग से चलाया जा सकेगा। इससे ट्रेनों के संचालन समय और ईंधन लागत दोनों में कमी आएगी। वर्तमान में अधिकांश ट्रेनें जयपुर होकर संचालित होती हैं, जिससे दूरी और समय बढ़ जाता है।

# मनरेगा का नाम बदलना दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी की योजनाबद्ध हत्या-पूर्व केंद्रीय मंत्री सिंह

## बीजेपी पर साधा निशाना पीएम मोदी नाम बदलने के मास्टर, जनता की स्मृति से गांधी को मिटाना चाहती है भाजपा

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मनरेगा का नाम बदलकर जी राम जी करने पर केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार किया। सिंह बोले मनरेगा का नाम बदलना दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना की योजनाबद्ध हत्या है। उन्होंने केंद्र सरकार बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता की स्मृति से गांधी को भाजपा मिटाना चाहती है और पीएम मोदी नाम बदलने यूपीए सरकार की योजनाओं के नाम बदलने के मास्टर है। सिंह बोले सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए योजनाओं के नाम बदल रही है,जिन योजनाओं का नाम देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों के नाम पर रखा गया उसे किसी भी कीमत पर बदला नहीं जाना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित प्रेसवार्ता में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार नाम बदलकर बेरोजगारी, महंगाई, डॉलर के मुकाबले रुपए का सबसे निचला स्तर पर जाना, वोट चोरी जैसे ज्वलंत हो मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए ऐसा कर रही है। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि अपने कार्यकाल में केंद्र की भाजपा सरकार ने जनता के लिए कोई ही ठोस योजना नहीं चलाई, लेकिन कांग्रेस सरकार की बनाई योजनाओं का नाम बदलकर अपनी पीठ थपथपाने का काम कर जनता को गुमराह कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार अमीर और गरीब की खाई को दूर करने के बजाय ऐतिहासिक स्थलों और योजनाओं का नाम बदलने में व्यस्त है। सिंह बोले रीपैकेजिंग और ब्रांडिंग में माहिर केंद्र की मोदी सरकार इस क्रांतिकारी योजना का श्रेय लेने के लिए नाम बदल रही है जिससे धन और संसाधन की भारी बर्बादी के साथ ग्रामीणों के हितों पर कुठाराघात किया जाएगा, लेकिन कांग्रेस पार्टी इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी।

### भाजपा और आरएसएस का गांधीवादी मूल्यों के प्रति अविश्वास -नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलना भाजपा और आरएसएस कि गांधीवादी मूल्यों के प्रति अविश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार यूपीए की योजनाओं पर अपना ठप्पा लगाकर जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीड की हड्डी है,नाम बदलने और दिनों की संख्या बढने से ज्यादा जरूरी है इसे नियमित किया जाए। उन्होंने कहा कि गरीबों और ग्रामीणों के अधिकारों पर यह सीधे-सीधे आघात है।उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि गरीब तबके को खत्म करने की यह गोपनीय साजिश है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने सिवाय किसी और का पेट भरते हुए देखा ही नहीं सकती। उन्होंने कहा कि यह भारतीय इतिहास से राष्ट्रपिता के नाम को मिटाने का प्रयास है, जिसे कांग्रेस पार्टी कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा एक कानून के रूप में ग्रामीण के लिए एक संजीवनी के रूप में काम कर उनकी अर्थव्यवस्था को सुचारू रूप से चला रहा था।जूली ने सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि जो लोग गोडसे का समर्थन करते हैं वह आज गांधी जी के नाम को योजनाओं से हटाने का पाप कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना ने महिलाओं,भूमिहीनो और गरीब तबके को सशक्त बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है। प्रेस वार्ता में विधायक मांगीलाल मीणा,ललित यादव, जिला अध्यक्ष अलवर प्रकाश गंगावत, जिला अध्यक्ष खैरथल तिजारा बलराम यादव, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष कमलेश सैनी,जिला प्रभारी फूल सिंह ओला, पूर्व विधायक बलजीत यादव, कांग्रेस प्रत्याशी रहे संजय यादव,आर्यन जुबेर खान, इमरान खान सहित कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ट्रेफिक पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर लगाए नो पार्किंग के बोर्ड

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू और जाम से निजात दिलाने के लिए इन दिनों यातायात पुलिस ने



कमर कस रखी है। ऐसे में ट्रैफिक इंचार्ज संजय शर्मा और उनकी टीम लगातार कार्यवाही कर रही है शुक्रवार को यातायात पुलिस इंचार्ज संजय शर्मा और उनकी टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर नो पार्किंग के बोर्ड लगाए। इसके साथ ही बेतरतीब खड़े हुए दोपहिया वाहनों और नो पार्किंग में खड़े हुए वाहनों के टायरों की हवा निकाली। ट्रैफिक इंचार्ज संजय शर्मा ने बताया कि लोगों को यातायात जागरूकता से संबंधित जानकारियां देने के बाद उन्हें माला पहनकर, फूल देकर और चॉकलेट देकर समझाइए की गई थी लेकिन अब जब लोग नहीं समझ रहे हैं तो ऐसे में यातायात पुलिस अब सख्ती दिखाएंगी। शहर के मुख्य बाजारों में यदि बेतरतीब और नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े देखेंगे तो उन्हें जप्त किया जाएगा और जुर्माना ठोका जाएगा। इसलिए लोगों से अनुरोध है कि वह नो पार्किंग में अपना वाहन खड़ा ना करें और मोटर व्हीकल एक्ट की पालना सुनिश्चित करें।

## धोइन्दा पहुंचे पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी, शोकाकुल परिवार से की मुलाकात



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** मावली के पूर्व विधायक एवं मेवाड़ के वरिष्ठ ब्राह्मण नेता धर्मनारायण जोशी ने धोइन्दा निवासी मृतक हरीश जोशी के शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए आश्वस्त किया कि हरीश जोशी हत्याकांड में दोषियों को सख्त सजा दिलाने तथा पीड़ित परिवार को पूर्ण न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।पूर्व विधायक जोशी ने कहा कि यह घटना अत्यंत दु:खद और निंदनीय है तथा समाज को झकझोर देने वाली है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर भाजपा नेता विजय प्रकाश विप्लवी, भाजपा जिला प्रवक्ता नर्बदा शंकर पालीवाल, जिला मंत्री खुश कमल कुमावत, भेरूलाल नंदवाना, गिरीश पालीवाल, पूर्व पार्षद अशोक पालीवाल, पार्षद नरेंद्र जोशी सहित गांव के गणमान्य नागरिक एवं परिवारजन उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय धनगर मेवाड़ा गाडरी समाज का प्रथम वार्षिक अधिवेशन संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** अखिल भारतीय धनगर मेवाड़ा गाडरी समाज का प्रथम वार्षिक अधिवेशन एवं आमसभा जिला मुख्यालय के समीप रामेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण, राजनगर में आयोजित हुई। अधिवेशन में जिलेभर से आए सैकड़ों समाजजनों ने भाग लिया।कार्यक्रम में गाडरी समाज के पूर्व युवा जिलाध्यक्ष किशनलाल गाडरी (खिमाखेड़ा) ने बताया कि अधिवेशन के दौरान समाज सुधार एवं संगठन मजबूती को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। प्रमुख रूप से जिला मुख्यालय पर समाज के छात्रावास के लिए भूमि आवंटन करवाने हेतु जिला स्तरीय गाडरी विकास संस्था का पंजीकरण करवाने का प्रस्ताव पारित किया गया।इसके साथ ही समाज के वरिष्ठ जिलाध्यक्ष एवं युवा जिलाध्यक्ष का चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से निर्वाचन करवाने का निर्णय लिया गया, जिस पर उपस्थित समाजजनों ने सहमति जताई। अधिवेशन में प्रतिवर्ष समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने, जिला स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताएं करवाने तथा समाज के संत अमरा भगत की जयंती पर रक्तदान शिविर आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया।इसके अतिरिक्त नशा मुक्ति, मृत्युभोज, कपड़ा प्रथा सहित समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों पर रोक लगाने को लेकर भी आवश्यक प्रस्ताव पारित किए गए।

अधिवेशन में समाज के वरिष्ठजनों एवं प्रतिनिधियों में भेरूलाल रकमगढ़, नानालाल देवपुरिया, पन्नालाल धोइन्दा, नानालाल राजपुरा, मोहन अमरपुरा, शंकरलाल सांसेरा, अमरचंद पीपली डोडियान, शंकरलाल ढिल्ली, दीपचंद राजनगर, गणेश राजनगर, खेमराज सलोदा, देवीलाल भुरवाड़ा, कालूराम कोठारिया, भीमराज नामाना, गणेश गुंजोल, मांगीलाल पसुन्द, नारायण खेड़ी बावजी, रामलाल कुरज, लक्ष्मण धोइन्दा, धनराज राजपुरा, मोहन राजनगर, नारायण राजनगर, नाथूलाल घोड़ाघाटी, उदयराम नामाना, मांगीलाल जेतपुरा, देवीलाल सरदारगढ़, शंकरलाल घाटी, देवीलाल बोरज का खेड़ा, देवकिशन एमडी, हेमराज धोइन्दा, रूपलाल माऊ, प्रथा गुड़ला, छगन अमलोई, डालचंद भुण्डल, नारायण मेंगटिया, रमेश गाडरी बोरज का खेड़ा, गणेश धोइन्दा, किशन एमडी, मांगीलाल बोरज का खेड़ा, अंबालाल राजपुरा, नारायण भुरवाड़ा, लादूलाल रेलमगरा, सोहनलाल पीपली अहिरान, अमरचंद मदारा, खेमराज माताजी का खेड़ा, भंवरलाल खेडाना, किशन भाटोली, रतन उपली ओडन, सोहन एमडी, दिनेश अमलोई सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के 9वें दिन सड़क सुरक्षा की जागरूकता हेतु सुरक्षा रथ रवाना

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा अभियान के तहत जिले में 31 जनवरी तक संचालित राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा अभियान के 9वें दिन आमजन को यातायात नियमों एवं सडक सुरक्षा संबंधी जन



जागरूकता के लिए सडक सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी श्री ललित गुप्ता एवं जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती सविता भारद्वाज ने यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सडक जनजागरूकता बढाने हेतु आमजन एवं स्टाफकर्मियों को यातायात नियमों की जानकारी वाली पुस्तिका/पम्पलेट वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि सडक सुरक्षा अभियान के तहत विभागीय समन्वय से सडक सुरक्षा के क्षेत्र में समझाइश, प्रवर्तन कार्रवाई, जनजागरूकता, यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## घाणीवाल तेली समाज दुर्गाकुंड मंदिर की वर्षगांठ व ध्वजारोहण समारोह श्रद्धा व हर्षोल्लास से संपन्न

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** वोराट क्षेत्र स्थित नेशनल हाईवे संख्या-8 पर अवस्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दुर्गाकुंड मंदिर में घाणीवाल तेली समाज द्वारा मंदिर की वर्षगांठ एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 8 जनवरी 2026 को भगवान भोलेनाथ एवं संत श्री राजूराम महाराज के ध्वजारोहण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजजन एवं श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ सनातन धर्म के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा मंगलगीत एवं भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिससे धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराएं जीवंत हो उठीं। रात्रि में आयोजित भजन संध्या में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ एवं राजूराम महाराज के भजनों पर भावपूर्ण नृत्य किया।भगवान भोलेनाथ के मंदिर पर ध्वजा चारभुजा के बंदवाल परिवार द्वारा तथा संत श्री राजूराम महाराज के मंदिर पर ध्वजा धानिन परिवार द्वारा चढ़ाई गई। ध्वजारोहण के पश्चात विधिवत आरती हुई और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में दुर्गाकुंड मंदिर मंडल के अध्यक्ष लक्ष्मण हांडा के नेतृत्व में कार्यकारिणी द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।इस अवसर पर समाज के कई वरिष्ठ एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से बंसीलाल पंचोली (जिला अध्यक्ष तेली समाज), चुन्नीलाल पंचोली, रोशन चारभुजा, रजनीकांत कांकरोली, शंकर झडोल, भैरूलाल माड का खेड़ा, उदयलाल गिरडिया, चुन्नीलाल सरदारगढ़, वदन सियाणा, मोहन रिछेड, भंवर टाडावाड़ा, श्याम अमलोई, नारायण दांतड़ा, देवीलाल जनावद, कालूराम टुंगच सहित अनेक समाजजन शामिल रहे।कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्यों प्रकाश मादड़ी, मुकेश जनावद, प्रकाश पडासली, लक्ष्मण टाडावाड़ा, ख्यालीलाल, गोपाल चारभुजा, प्रकाश सियाणा, नाथूलाल साथिया, नारायण, मनोहर, किशन दोवड़ा, भवानी शंकर टाडावाड़ा, दिनेश जवालिया, राधेश्याम मुड़ोल जनावद, मुकेश टाडावाड़ा, किशन धानिन, भैरूलाल एवं देवीलाल करेडा सहित छोटी पार्टी के गोविंद, पवन, हिम्मत, प्रहलाद, ओमप्रकाश आदि ने आगंतुकों का स्वागत किया।

## 69वीं अण्डर 19 छात्रा राष्ट्रीय विद्यालयी बास्केटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम ने प्राप्त किया गोल्ड मेडल

### प्रतियोगिता में देश में प्रथम स्थान दिलाने पर राजस्थान की टीम की प्रशिक्षक डॉ. दीपिका अरोडा का किया शिक्षा विभाग द्वारा सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शिक्षा विभाग द्वारा 69वीं अण्डर 19 छात्रा राष्ट्रीय विद्यालयी बास्केटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम द्वारा देश में प्रथम स्थान पर रहकर गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर राजस्थान टीम की राष्ट्रीय प्रशिक्षक एवं राउमावि साहडोली की शारीरिक शिक्षक डॉ. दीपिका अरोडा का सम्मान किया गया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्री महेश कुमार गुप्ता ने बताया कि 69वीं अण्डर 19 छात्रा राष्ट्रीय विद्यालयी बास्केटबॉल प्रतियोगिता में इस वर्ष राजस्थान के शिक्षा विभाग ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि राउमावि साहडोली की शारीरिक शिक्षक डॉ. दीपिका अरोडा के राजस्थान की टीम के कोच बनने के बाद राजस्थान बास्केटबॉल प्रतियोगिता में निरन्तर पदक की राह अग्रसर रही है। इस अवसर पर एडीपीसी श्री मनोज कुमार शर्मा एवं समस्त कार्मिक मौजूद रहे।

## शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर की गई खाद्य पदार्थों के नमूने लेने एवं जब्ती की कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में मिलावटखोरी पर लगाम लगाने हेतु जिले में चलाए जा रहे 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान' के तहत आज विभिन्न स्थानों पर खाद्य पदार्थों के नमूने लेने एवं जब्ती की कार्रवाई की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत टीम द्वारा शहर में केडलगंज स्थित एस.पी ट्रेडिंग कंपनी से गुड का नमूना, लक्ष्मणगढ तहसील के ग्राम निवेद स्थित मिल्क सीलिंग केंद्र वृंदावन मिल्क प्रोडक्ट से एक दूध का नमूना, शीतल स्थित सखी महिला मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी से एक दूध एवं घी का नमूना, बदौदामेव स्थित गोयल किराना स्टोर से एक गुड का नमूना जांच हेतु लेकर प्रयोगशाला भिजवाया गया एवं मिलावट की आशंका पर करीब 190 किलो गुड़ को जप्त किया गया। उन्होंने बताया कि प्रयोगशाला भिजवाए गये नमूनों की जांच रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जावेगी। उन्होंने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर के निर्देशानुसार माह जनवरी एवं फरवरी में जिले में 31 खाद्य लाइसेंस बनवाने हेतु शिवर लगाए जाएंगे, जिसके अंतर्गत सभी मिल्क वेंडर, खाद्य पदार्थ ट्रांसपोर्ट करने वाले समस्त खाद्य कारोबारी, शराब विक्रेता, सब्जी विक्रेता, फल विक्रेता, दूध डेरी, दूध समिति, चाट ठेले, सहित समस्त खाद्य करबारी कर्ता के लाइसेंस बनाए जाएंगे।

## सीएमएचओ ने सीएचसी रेलमगरा और पीएचसी गवारड़ी का औचक निरीक्षण किया

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रेलमगरा और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गवारड़ी का औचक निरीक्षण किया तथा चिकित्सा संस्थानो पर आमजन को दी जा रही चिकित्सकीय एवं स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया। उन्होंने खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेन्द्र चैधरी से निती आयोग द्वारा निर्धारीत स्वास्थ्य सूचकांको पर विषेष ध्यान देकर प्रगति के लिये निर्देषित किया।सीएमएचओ ने निर्देषित किया की निती आयोग द्वारा निर्धारित गर्भवती महिलाओं का 12 सप्ताह पूर्व पंजीयन, संस्थागत प्रसव, ढाई किलो से कम वजन वाले बच्चो की संख्या, नेषनल क्वालिटी एष्योरंस स्टेण्डर्ड के तहत चिकित्सा संस्थानो चयन, उच्च रक्तचाप और शुगर की जांच के साथ ही टीबी की जांच को लेकर नियमित समीक्षा करें। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का किया अवलोकन उन्होंने रेलमगरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का निरीक्षण किया तथा वहां गर्भवती महिलाओं को एफसीएम इंजेक्षन, मां वाउचर योजना का लाभ, प्रसव प्रबंधन तथा सुरक्षित मातृ एवं षिषु स्वास्थ्य हेतु दी जा रही सेंवाओं को लेकर दी जा रही सेवाओं का अवलोकन किया तथा आषाओं के माध्यम से लक्षित गर्भवती माताओं को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान से लाभान्वित करने के लिये निर्देषित किया। उन्होंने गवारड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भी आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का अवलोकन किया तथा वहां निर्माणाधीन भवन का अवलोकन किया । उन्होंने खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं चिकित्सा अधिकारी प्रभारी को निर्माण की गुणवत्ता को नियमित देखने के लिये निर्देषित किया।

# राज्य सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में अलवर जिले के दिव्यांगजनों को सौंपी 166 स्कूटियों की चाबी

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशीलता का परिचायक बनी मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना दिव्यांगजनों की जिंदगी को नई दिशा दे रही है। इस योजना के माध्यम से दिव्यांगजनों को सिर्फ स्कूटी ही नहीं मिल रही है, बल्कि उनके स्वाभिमान और आत्मविश्वास में भी वृद्घि हो रही है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक श्री लक्ष्मण सिंह ने बताया कि वर्तमान राज्य सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल में जिले के दिव्यांगजनों को कुल 166 स्कूटियां वितरित की गई है, जिसमें 146 स्कूटी मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना के तहत एवं 20 स्कूटी वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा के विधायक कोष से वितरित की गई है। मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना की कहानी दिव्यांगजनों की जुबानी मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना एवं विधायक निधि कोष से स्वीकृत स्कूटी मिलने पर दिव्यांगजनों के चेहरे पर मुस्कान आई है। अलवर शहर के बुध विहार निवासी अनिता कुमारी ने बताया कि वह प्राइवेट संस्थान में अकाउंटेंट का कार्य करती है तथा कठूमर निवासी रामबाबू ने बताया कि वह ई-मित्र का काम सीख रहा है। घर से कार्य स्थल तक आने-जाने में बहुत परेशानी का सामना करना पडता था। स्कूटी मिलने से आने-जाने में सुविधा होने के साथ अब समय की भी बचत होगी। इसी प्रकार अलवर शहर के बिच्छु की गली निवासी दिव्यांग लाभार्थी दीनदयाल शर्मा की कक्षा 6 में अध्ययनतरत पुत्री राजश्री ने अपने पिता को स्कूटी मिलने पर राज्य सरकार का आभार जताते हुए कहा कि पिताजी ईटाराना स्थित निजी संस्थान में अकाउंटेंट का काम करते हैं तथा उन्हें आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पडता था। पिताजी को स्कूटी मिलने पर आने-जाने में अब किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी तथा मैं भी पिताजी के साथ पार्क आदि स्थानों पर घूमने जा सकूंगी। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री दिव्यांगज स्कूटी योजना एवं विधायक निधि कोष स्वीकृत से स्कूटी मिलने पर मुख्यंमत्री श्री भजनलाल शर्मा एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा का आभार जताया।

# सालो पुराने सपने को केडीए से मिली आस,विकास कार्य 15 दिन, तो विवादित हिस्से के लिए 30 दिन में परिणाम नजर आने का दिया आश्वासन

## बढ़ता राजस्थान ने सैनिकों के सम्मान के लिये सबसे पहले प्रमुखता से उठाया था मुद्दा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** डिफेंस गृह निर्माण समिति के सदस्य कॉलोनी में विकास व जरूरी स्वीकृतियो की मांग को लेकर जनसुनवाई में पहुंचे । कोटा विकास प्राधिकरण की जनसुनवाई में पहुंचने वालों भूखंडधारीयो मे पूर्व सैनिक,सेना के पूर्व अधिकारी सहित करीब 70 सदस्य मौजूद रहे। जनसुनवाई मे भूखंड मालिक आयुक्त ममता तिवारी एवं सचिव मुकेश चौधरी से मिले। बैठक में कॉलोनी के विकास एवं मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था के अलावा कॉलोनी में बाहरी व्यक्तियों द्वारा हो रहे अतिक्रमण को रोकने और अतिक्रमियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने की बात पर समिति के सदस्यों और केडीए अधिकारियों के बीच सहमति बनी। जनसुनवाई के दौरान केडीए आयुक्त महोदया ने स्पष्ट किया कि कॉलोनी में पहले रोकी गई सभी गतिविधियां—जैसे पट्टे बनाना, सेल परमिशन, नामांतरण और भवन निर्माण स्वीकृति—अब पुनः शुरू की जाएंगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्य शीघ्र आरंभ होंगे और तीस दिन के भीतर इसका परिणाम दिखाई देने लगेगा। केडीए सचिव मुकेश चौधरी ने भूखंड धारियों को आश्वस्त किया कि,केडीए की भूमि का एक इंच भी किसी बाहरी व्यक्ति को नहीं दिया जायेगा। अनुमोदित योजना केडीए का हिस्सा है। किसी भी अप्रत्याशित विवाद को हल करने के लिए समिति गठित की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि संदिग्ध भूमाफियाओं के खिलाफ न्यायसंगत और ठोस कार्रवाई की जाएगी। केडीए अधिकारियों के इस निर्णायक और ठोस आश्वासन से सभी भूखंडधारी संतुष्ट भी नजर आये जिसके बाद वे केडीए द्वारा दिये गए आश्वासनों के परिणामों की प्रतीक्षा करने पर राजी हो गये।


केडीए ने विकास के नाम पर डकारे करोड़ों रुपये, आज भी बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे पूर्व सैनिक व पट्टेधारी



### समिति के चुनाव के लिये प्रक्रिया जल्द होगी शुरू- विजय

यूआईटी से निकलकर रजिस्टार ऑफिस की तरफ कुंच कर दिया जहां समिति के प्रशासक नियुक्त किए गए शिवचरण विजय से चुनाव कराने और कॉलोनी की सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर बात की ।सैनिको ने चुनाव करवाने की मांग की जिस पर प्रसासक विजय ने कहा कि सरकार द्वारा चुनाव पर रोक लगाई हुई है लेकिन जैसे ही राज्य सरकार से कोई निर्देश प्राप्त होता है, वैसे ही चुनावी प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।एवं समिति के द्वारा बनाए गए कॉलोनी की सुरक्षा के लिए वहां पर गार्ड तैनात है । एवं जरूरत पडऩे पर और भी सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे।

## पीएमएसए पर 32 गर्भवती महिलाओं को किया लाभान्वित

बढ़ता राजस्थान

**भवानीमंडी (अब्दुल सलीम मंसूरी)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पचपहाड़ पर दिनांक 9 जनवरी 2026, शुक्रवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन रखा गया।स्थानीय वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ0 नरेश अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में कुल 32 गर्भवती महिलाये लाभान्वित हुई जिसमें राज्य सरकार कि महत्वाकांक्षी योजना माँ वाउचर योजना के तहत निःशुल्क सोनोग्राफी हेतु कुल 14 गर्भवती महिलाओं को माँ वाउचर उपलब्ध करवाये गए। गर्भवती महिलाओं में प्रथम तिमाही की 04, द्वितीय तिमाही की 04, तृतीय तिमाही की 13 गर्भवती महिला एवं तीन व तीन से अधिक जाँच वाली 11 गर्भवती महिलाएं लाभान्वित हुई। इनमे से 7 ग्राम से 10 ग्राम हिमोग्लोबिन की एनीमिया वाली गर्भवती महिलाओं को उपचार कर लाभान्वित किया जिसमें 10 गर्भवती महिलाओं को आयरन एफ.सी.एम. का इंजेक्शन लगाकर लाभान्वित किया गया। समस्त गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई एवम् गर्भावस्था में भ्रांतियों से दूर रहकर चिकित्सा सलाह के अनुसार उपचार लेने के लिए प्रेरित किया।



## बूंदीः रात्रिकालीन कोर्ट और केस ट्रांसफर के विरोध में वकीलों का 'हल्ला बोल'



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** न्यायिक व्यवस्था में प्रस्तावित बदलावों के खिलाफ बूंदी के अधिवक्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है। अभिभाषक परिषद के तत्वावधान में शुक्रवार को वकीलों ने जोरदार प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार किया और राजस्थान उच्च न्यायालय के नाम ज्ञापन सौंपा। रात्रिकालीन कोर्ट - वकीलों ने रात में न्यायालय संचालन के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है। केस ट्रांसफर: फैमिली कोर्ट, और लाखेरी-इंदरगढ़ न्यायालयों के कार्यों को जिला सेशन न्यायालय से हटाने पर नाराजगी। रैली और प्रदर्शन-अभिभाषक परिषद के अध्यक्ष नारायण सिंह गौड़, उपाध्यक्ष अनीस मोहम्मद और सचिव पंकज दाधीच के नेतृत्व में बार रूम से रैली निकाली गई। प्रवक्ता ओराक नैय्यर ने बताया कि अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए न्यायालय परिसर में शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया। संघर्ष समिति का गठन-आंदोलन को धार देने के लिए एक विशेष समिति बनाई गई है। इसमें वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश पारीक, नवेद केसर, योगेश जोशी और शिफाउल हक को शामिल किया गया है। अधिवक्ताओं के हितों और आम जनता की सुविधा के लिए ऐसे फैसलों का संगठित विरोध जारी रहेगा। वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश पारीक व नवेद केसर उपस्थिति- प्रदर्शन में सह-सचिव किशन वर्मा, पुस्तकालय अध्यक्ष कृष्ण मुरारी दाधीच, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा समेत सैकड़ों अधिवक्ता (जैसे एजाज रिज़वी, कमल गुजर, अंकित शर्मा, श्यामदत्त दाधीच आदि मौजूद रहे।

## टैरिफ़ वार में आंतरिक मजबूती ही रामबाण उपाय - अरविन्द सिसोदिया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल के शिक्षा प्रोत्साहन प्रन्याशी एवं भारत-तिब्बत सहयोग मंच के प्रांतीय महामंत्री अरविन्द सिसोदिया ने अमरीकी टैरिफ़ वार के संदर्भ में भारत की आंतरिक एकता और राष्ट्रीय मजबूती को सबसे प्रभावी उपाय बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को एकजुट होकर आगे बढऩे की आवश्यकता है। सिसोदिया ने कहा कि केवल बयानबाजी या भावनात्मक प्रतिक्रियाएं राष्ट्र को सशक्त नहीं बनातीं, बल्कि ठोस निर्णय, अनुशासन और राष्ट्रीय हित में उठाए गए व्यावहारिक कदम ही वास्तविक शक्ति का परिचायक होते हैं। उन्होंने कहा कि आज विश्व व्यवस्था अस्थिरता के दौर से गुजर रही है और स्वयं अमरीका भी आंतरिक संकटों से जूझ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि मोदी सरकार इन चुनौतियों का सामना दूरदर्शिता से कर रही है। सिसोदिया ने कहा कि भारत पिछले 11 वर्षों में आत्मनिर्भरता और तकनीकी प्रगति के बल पर उभरती वैश्विक शक्ति बना है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में एकजुट रहें, क्योंकि आंतरिक मजबूती ही हर बाहरी दबाव का सबसे कारगर उत्तर है।



## शीतलहर के चलते 10 को विद्यालयों में अवकाश घोषित

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (नि.स.)।** मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार जिले में शीतलहर की प्रबल संभावना को देखते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जिला कलक्टर ने आदेश जारी कर जिले में संचालित समस्त राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए दिनांक 10 जनवरी (शनिवार) को एक दिवसीय अवकाश घोषित किया गया है। साथ ही शीतलहर से बचाव के उद्देश्य से 12 जनवरी (सोमवार) से कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयों का समय परिवर्तित किया गया है। संशोधित समय अनुसार विद्यालय अब प्रात: 11 बजे से सायं 4 बजे तक संचालित होंगे। यह आदेश केवल छात्र-छात्राओं पर लागू होगा, जबकि विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों का समस्त स्टाफ अपने निर्धारित समय अनुसार उपस्थित रहकर कार्य करता रहेगा। जिला प्रशासन ने जिले के सभी संस्थाप्रधानों को आदेश की अक्षरश: पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आदेश की अवहेलना करने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## बाक्यां गांव में श्रीदेवनारायण सेवा समिति की बैठक पोस्टर विमोचन 27 को शोभा यात्रा

बढ़ता राजस्थान



**सुल्तानपुर/कोटा (मुकेश गोस्वामी)।** श्रीदेवनारायण जयंती महोत्सव को लेकर 8 जनवरी गुरुवार को दोपहर 12 बजे श्रीदेवनारायण सेवा समिति बाक्यां की बैठक देवनारायण मंदिर प्रांगण बाक्यां में सम्पन्न हुई बैठक में मुख्य रूप से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी तहसील स्तरीय पंचायत समिति मुख्यालय सुल्तानपुर में भगवान श्री देवनारायण का जन्मोत्सव बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाने की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई बैठक को संबोधित करते हुए शिवराज पीटीआई ने बताया 26 जनवरी को रात्रि विशाल गोठा गायन कार्यक्रम एवं 27 जनवरी को विशाल एवं भव्य शोभा यात्रा सुल्तानपुर नगर के मुख्य मार्गो से निकाली जाएगी रात्रि समाज की प्रतिभाओ का सम्मान एवं रात्रि जागरण आयोजित होगा उन्होंने आव्हान किया सभी देव भक्त टीमें बनाकर तैयारियो मे जुट जाये गावों मे प्रचार प्रसार कर पीले चावल बाटे एवं सभी युवा पारम्परिक वेशभूषा कुर्ते धोती मे कार्यक्रम मे शामिल हो, समिति के पुरुषोत्तम गुर्जर बाक्यां ने बताया की कार्यक्रम में भजन गायन कलाकार. घनश्याम गुर्जर एवं मनीष फागना एंड पार्टी द्वारा रात्रि जागरण किया जायेगा... बाक्या गांव मीटिंग में शिवराज गोचर पीटीआई, बनवारी गुर्जर एवं गोविन्द गुर्जर का स्वागत किया, इस मोके पर चौथमल गुर्जर,लटूरलाल गोचर, पुष्पदयाल गुर्जर,सुरेश गोचर, पुजारी कन्हैया लाल, रामावतार गोचर,केदारलाल गोचर, विशाल गोचर, राकेश गोचर, रामहेत गोचर, सुनील गोचर, रामसिंह बराना,राजेंद्र गोचर, नंदकिशोर गोचर, आदि उपस्थित रहे।

## रामगंजमंडी पुलिस का बड़ा एक्शनः अपराधियों को खुली चेतावनी, शहर छोड़ो या अपराध छोड़ो

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी(नि.स.)।** शहर में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से रामगंजमंडी पुलिस ने शुक्रवार को सख्त और प्रभावशाली कार्रवाई करते हुए अपराधियों के खिलाफ बड़ा कदम उठाया। थाना अधिकारी संदीप शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने अपराधियों की सार्वजनिक परेड निकालकर साफ संदेश दिया कि अब रामगंजमंडी में अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। पुलिस ने अपराधियों को अदालत में पेश करने से पहले शहर के प्रमुख मार्गों और मुख्य चौराहों से पैदल घुमाया। इस परेड के जरिए अपराधियों को खुले शब्दों में चेतावनी दी गई कि या तो रामगंजमंडी शहर छोड़ दो, या फिर अपराध करना पूरी तरह बंद कर दो। पुलिस की इस कार्रवाई से शहर भर में स्पष्ट संदेश गया कि कानून तोडऩे वालों के लिए किसी भी तरह की रियायत नहीं दी जाएगी। थाना अधिकारी संदीप शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस लगातार सघन कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा और कानून अपना काम पूरी सख्ती से करेगा। यह कार्रवाई अपराधियों में भय और आमजन में सुरक्षा का भरोसा पैदा करने के उद्देश्य से की गई है। परेड के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा और पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की संदिग्ध या आपराधिक गतिविधि की जानकारी मिलती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की सख्त कार्रवाई से शहर में अपराध नियंत्रण को मजबूती मिलेगी और असामाजिक तत्वों में भय का माहौल बनेगा। लोगों का मानना है कि रामगंजमंडी पुलिस का यह कदम कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक प्रभावी और निर्णायक संदेश है।

## जिला कलेक्टर रंजन की पहल मधुर यादों के साथ विदा हुई टीमें

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (नि.स.)।** राष्ट्रीय विद्यालयी हैंडबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले के समापन के साथ ही खिलाडियों की विदाई का क्रम शुरू हो गया, लेकिन यह विदाई केवल औपचारिक नहीं रही बल्कि चितौडग़ढ़ की ऐतिहासिक स्मृतियों से जुड़ी एक भावनात्मक सौगात के साथ सम्पन्न हुई।

जिला कलेक्टर आलोक रंजन की अभिनव पहल पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी राज्यों की टीमों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता की स्मृति स्वरूप विशेष फोटो फ्रेम भेंट किया गया। यह फोटो फ्रेम न केवल प्रतियोगिता की याद दिलाने वाला है, बल्कि इसमें विश्व धरोहर में सम्मिलित चितौडग़ढ़ दुर्ग का विहंगम दृश्य भी सम्मिलित किया गया है, जो मेवाड़ की गौरवशाली सांस्कृतिक पहचान को दर्शाता है। फोटो फ्रेम में प्रत्येक टीम के सभी खिलाड़ी, उनके कोच, निर्णायक (रेफरी) तथा स्त्रस्नद्ब के ऑब्ज़र्वर लियाक़ खान को एक साथ शामिल किया गया है, जिससे यह केवल एक तस्वीर नहीं बल्कि टीम भावना, अनुशासन और खेल भावना का प्रतीक बन गया। उल्लेखनीय है कि उद्घाटन समारोह के दौरान भी जिला कलक्टर आलोक रंजन ने सभी राज्यों से आए खिलाडियों से विश्व प्रसिद्ध चितौडग़ढ़ दुर्ग और सांवलिया जी के दर्शन कर 'सुनहरी यादें' साथ ले जाने का आह्वान किया था। समापन पर यह फोटो फ्रेम उसी संदेश की सजीव परिणति बनकर सामने आया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया रैन बसेरों का औचक निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए आमजन और निराश्रितों को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सरिता मीणा ने शहर के विभिन्न रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर भारी अव्यवस्थाएं देखने को मिलीं, जिस पर सचिव ने सख्त रुख अपनाया है।

### कड़ाके की ठंड में सडक़ों पर सो रहे लोगों से समझाइश

निरीक्षण की शुरुआत में सचिव सरिता मीणा व एडवोकेट महेंद्र शर्मा ने रेलवे पुलिया के नीचे पहुँचीं, जहाँ कड़ाके की ठंड में महिला-पुरुष खुले में सोने को मजबूर थे। उन्होंने मौके पर ही लोगों से वार्ता की और उन्हें खुले में सोने के खतरों से अवगत कराते हुए पास के रैन बसेरों में जाकर सोने की समझाइश की। इसके बाद उन्होंने रेलवे स्टेशन का भी बारीकी से अवलोकन किया।



### निरीक्षण में खुली नगर परिषद की व्यवस्थाओं की पोल

सचिव ने शहर के लंका गेट, देवपुरा और खोजगेट स्थित रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नगर परिषद के दावों की पोल खुलती नजर आई।

### निरीक्षण में मुख्य रूप से निम्नलिखित कमियां पाई गईं

**पेयजल का अभाव:** रैन बसेरों में लोगों के लिए पीने के स्वच्छ पानी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं मिली। साफ-सफाई में लापरवाही-रैन बसेरों में लंबे समय से सफाई न होने के कारण गंदगी का अंबार मिला। नगर परिषद द्वारा समय पर सफाई नहीं कराई जा रही है। अन्नपूर्णा भोजन की गुणवत्ता पर सवाल- रैन बसेरों में दिए जा रहे अन्नपूर्णा भोजन की जांच करने पर पाया गया कि भोजन पौष्टिक नहीं है और उसकी गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं है। कलेक्टर और आयुक्त को पत्र लिख कर अवगत कराया जाएगा इन अव्यवस्थाओं को गंभीर मानते हुए सचिव सरिता मीणा ने तुरंत संज्ञान लेने की कहा । उन्होंने नगर परिषद आयुक्त और जिला कलेक्टर को लिखित में वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए रिपोर्ट भेजने की बात कही है। उन्होंने निर्देशित किया है कि रैन बसेरों की व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार किया जाए ताकि भीषण ठंड में निराश्रित लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता के दौरान खिलाडिय़ों एवं दर्शकों को दी गई बाल विवाह संबंधी जानकारी

बढ़ता राजस्थान




**चित्तौडग़ढ़ (नि.स.)।** बाल विवाह मुक्त भारत के 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता के दौरान खिलाडियों एवं दर्शकों को बाल विवाह के विरुद्ध जागरूक किया गया तथा बाल विवाह निषेध की शपथ दिलाई गई। जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देशानुसार जिले में विभिन्न विभागों के समन्वय से निरंतर बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को शिक्षा विभाग, बाल अधिकारिता विभाग एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के संयुक्त तत्वावधान में प्रतियोगिता स्थल पर जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक निदेशक, बाल अधिकारिता विभाग ओमप्रकाश तोषनीवाल ने कहा कि बाल विवाह को समाप्त करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने खेलों को सामाजिक जागरूकता का प्रभावी माध्यम बताते हुए उपस्थित दर्शकों, आमजन एवं देश के विभिन्न राज्यों से आए हैंडबॉल खिलाडियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी दी तथा बाल विवाह से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों से अवगत कराया। उन्होंने अपील की कि यदि कहीं भी बाल विवाह होने की आशंका हो, तो तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना देकर बच्चों के भविष्य को सुरक्षित किया जाए। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) राजेन्द्र कुमार शर्मा, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी श्री सतीश दशोरा, चंद्रकांत शर्मा, भगवानलाल सुथार, बसंती पंचाली, शारीरिक शिक्षक पारस टेलर, रेखा चौधरी, सोनिका चौरडिया, शकानसिंह राठौर, लोकेश सानी, तिलकेश आचार्य, राजेश ओझा, चाइल्ड हेल्पलाइन जिला समन्वयक नवीन काकड़दा, सुपरवाइजर राहुल सिंह, सरिता मीणा एवं बाल अधिकारिता विभाग से कनिष्ठ सहायक कुश पारिक उपस्थित रहे। जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम का संचालन डॉ. कनक जैन द्वारा किया गया।

## अवैध 12 बोर देशी कट्टे के साथ आदतन बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** झालावाड़ जिले के गंगधार पुलिस ने अवैध हथियार के साथ शातिर बदमाश गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा 12 बोर जप्त किया । गंगधार थाना प्रभारी अमरनाथ जोगी ने बताया कि अवैध हथियारो मादक पदार्थ तस्करो की धर पकड़ हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस टीम ने गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए पीपाखेड़ी रोड खाल के पास चिश्तीपुरा से आदतन अपराधी नरेश कंजर पिता सौदान लाल निवासी बामनदेवरीया को एक अवैध देशी कट्टा 12 सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की उक्त बदमाश के विरुद्ध आग्नेयास्त्रो की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर पुलिस रिमांड लिया।

# पालेंदर पहलवान ने राष्ट्रीय ओपन रेसलिंग फ्री स्टाइल जूनियर 74 किलो में गोल्ड मैडल जीत कर डीग का नाम किया रोशन

## दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में फाइनल में दिल्ली छत्रसाल स्टेडियम के अंकित को 10 -2 से कर गोल्ड मेडल पर किया कब्जा



बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग जिले के गांव गिरसै निवासी पहलवान पालेंदर ने दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में 6 और 7 जनवरी को आयोजित ऑल इंडिया ओपन रेसलिंग प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग 17 वर्ष 74 किलो फ्री स्टाइल में गोल्ड मैडल जीतकर देश भर में राजस्थान और डीग जिले का नाम रोशन किया है।

विनोद ने 74 किलो जूनियर वर्ग की फ्रीस्टाइल रेसलिंग प्रतियोगिता के फाइनल में छत्रसाल स्टेडियम दिल्ली के पहलवान विनय को 10--2 से हरा कर गोल्ड मैडल पर हासिल किया है।

होनहार पहलवान पालेंदर का चयन अब जूनियर खिलाड़ी के रूप में देश की राष्ट्रीय टीम में हो गया है। वह अब नेपाल में होने वाली एशियन चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा।

पहलवान पालेंदर ने गत वर्ष तालकटोरा स्टेडियम दिल्ली में आयोजित ओपन रेसलिंग जूनियर वर्ग 70 किलो फ्रीस्टाइल में गोल्ड मैडल जीता था । इससे पहले उसने राजस्थान के अलवर जिले के राजगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर रेसलिंग फ्री स्टाइल प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल हासिल किया था।डीग के गांव गिरसै में किसान परिवार में जन्मे पालेंदर के पिता सत्तन पहलवान खेती करते है ,उन्हें भी पहलवानी का शौक रहा है

जिसके चलते पालेंदर बचपन से ही कुश्ती के प्रति रुझान रहा है। उसकी मां बिमला देवी गृहणी है। पालेदर अपनी कामयाबी का श्रेय अपने कोच समंदर पहलवान निवासी पलवल को देता है। पालेदर नेपाल में होने वाली एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में इस बार अंतर्राष्ट्रीय रेसलिंग प्रतियोगिता फ्रीस्टाइल में तथा इसके बाद ओलंपिक में अपने देश के लिए गोल्ड मैडल जीत कर लाना है। विनोद ने फिलहाल हरियाणा के पलवल में स्थित अखाड़े में कोच समंदर सिंह की देख रेख में एशियाई चैंपियनशिप की तैयारियों जुटा हुआ हैं।

# बूथ मजबूत तो पार्टी मजबूत, पार्टी को सर्वोपरि मानकर कार्य करें कार्यकर्ता - सतीश बंसल

## भाजपा मंडल जनूथर की संघठात्मक कार्यशाला आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** शुक्रवार को कस्बा जनूथर के राधेश्वरी गार्डन नगर रोड जनूथर में भाजपा मंडल जनूथर के कार्यकर्ताओं की बैठक मंडल महामंत्री महेश उपमन की अध्यक्षता में एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतीश बंसल के मुख्यातिथ्य में आयोजित की गई। बैठक में संघठात्मक विषयों पर विचार विमर्श किया गया तथा एस आई आर में नवीन वोटरों को जुड़वाने पर चर्चा की गई । भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतीश बंसल ने भाजपा मंडल जनूथर का महामंत्री बीरीसिंह चौधरी और पप्पू फौजदार , गजराज सिंह, नीरज खटाना को मंडल उपाध्यक्ष तथा हरिओम सिंह को मंडल प्रवक्ता के दायित्व पर नियुक्त किया । जिला उपाध्यक्ष सतीश बंसल ने कहा की बूथ मजबूत तो पार्टी मजबूत पार्टी को सर्वोपरि मानकर कार्य करें कार्यकर्ता । गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह वेढम ने नगर विधानसभा के विकास में लगभग डेढ़ हजार करोड़ के विकास कार्य पूर्ण कराकर रचा इतिहास हैं और आने वाले समय में इसी प्रकार के विकास के कार्य होंगे जिससे नगर विधानसभा राजस्थान की आदर्श विधानसभा बन सके । जनूथर तहसील में विकास के कार्य में भी चार चांद लगेंगे । मंडल महामंत्री बीरीसिंह चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ता सच्ची भक्ति से पार्टी के हित में कार्य करें क्योंकि पार्टी कार्यकर्ताओं की मां है । मजबूत कार्यकर्ताओं से पार्टी को मजबूती मिलती है ।

कार्यकर्ता पार्टी की पूंजी है सभी कार्यकर्ता सक्रियता से पार्टी के कार्यों में लगे रहे । नगर विधानसभा में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह वेढम का भाजपा के कार्यकर्ताओं ने आभार व्यक्त किया । बैठक में देवी प्रसाद पाराशर , जवाहर सिंह , बीरीसिंह चौधरी, ओम प्रकाश बडेसरा, अरुण सिंह बडेसरा, सतीश खंडेलवाल, कैलाश वीर गुप्ता, मोहन सिंह, सत्येंद्र सिंह, हीरालाल शर्मा, जियालाल, राहुल सिंह, देवों दीवान, दयाराम दीवान, महाराज सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# श्रीकृष्ण जन्म कथा के सजीव नाट्य मंचन से भक्तिरस में डूबा राम मंदिर परिसर

## गूंजे 'नंद के आनंद भये' और 'जय कन्हैया लाल की' के जयकारे



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** दिल्ली के कृष्णा नगर स्थित राम मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा समारोह के दौरान भगवान श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा आचार्य पंडित बृजेश आचार्य शास्त्री द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा का जब संगीतमय और सजीव नाट्य रूप में वर्णन किया गया तो पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस में सराबोर हो उठा। चारों ओर 'नंद के आनंद भये', 'जय कन्हैया लाल की' और 'लड्डू गोपाल की जय' के गगनभेदी जयकारे गूंजने लगे। कथा के विशेष प्रसंग में श्रीकृष्ण के बाल रूप में सजे एक नन्हे-मुन्ने बालक को वासुदेव भगवान के रूप में सजे कथा समारोह के आयोजक हेमंत गोयल और माता यशोदा के रूप में उनकी पत्नी सोनिया गोयल मंच पर लेकर पहुंचे। इस सजीव दृश्य को देखकर श्रद्धालु भावुक हो उठे। महिलाओं ने इसे साक्षात श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मानते हुए झूमना शुरू कर दिया और बधाई गीतों व भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कथा वाचक पंडित बृजेश आचार्य शास्त्री ने प्रवचन में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतरण पृथ्वी पर अधर्म, अन्याय, बुराइयों और राक्षसी प्रवृत्तियों के विनाश के लिए हुआ था। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण ने प्रेम, करुणा, सेवा और मानवता का संदेश देकर संसार को जीने की सही राह दिखाई। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कथा के विशेष अवसर पर श्रद्धालुओं पर टॉफियों, फलों और मिठाइयों की बरसात की गई। जिससे पूरा पंडाल उत्सवमय हो उठा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी श्रद्धालु इस भक्तिमय माहौल में झूमते नजर आए। कथा समारोह में आयोजक परिवार के रमेश गोयल, गोपाल गोयल, गौरव गोयल, जितेंद्र गोयल, राजेश गोयल, बृजेश गोयल, सुनील गोयल सहित अनेक गणमान्य लोग सपरिवार उपस्थित रहे। सभी ने कथा का श्रवण कर स्वयं को धन्य बताया। उल्लेखनीय है कि यह भव्य श्रीमद्भागवत कथा समारोह बयाना क्षेत्र के गांव बागरैन निवासी रेडीमेड गारमेंट कारोबारी हेमंत गोयल परिवार की ओर से आयोजित किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंचकर कथा का लाभ उठा रहे।

# बिल संबंधी समस्याओं के समाधान और बकाया को लेकर टोटरी में डिस्कॉम का कैम्प

## करीब छह लाख का प्राप्त हुआ राजस्व,15 ग्रामीणों ने कनेक्शन के लिए किया आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जयपुर विद्युत वितरण निगम के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर शुक्रवार को बाड़ी उपखंड के टोटरी 33/11 केवी जीएसएस पर ग्रामीण उपभोक्ताओं की समस्याओं और बिलों में सुधार को लेकर एक कैंप का आयोजन सहायक अभियंता आरडी मीणा के नेतृत्व में किया गया। उक्त कैंप में 210 उपभोक्ताओं ने भाग लिया। जिनमें 70 उपभोक्ताओं के विद्युत बिलों में संशोधन किया गया। कैंप की खास बात यह रही की इस दौरान विद्युत बिल संशोधन के बाद 40 उपभोक्ताओं द्वारा बिल का भुगतान भी किया गया। जिसमें करीब 6 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। कनिष्क अभियंता ग्रामीण कुलदीप शर्मा ने बताया कि टोटरी कैम्प में बकाया चल रहे बिल में से 5.75 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ है।15 ग्रामीणों द्वारा बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किए हैं। वहीं सोलर कनेक्शन को लेकर भी ग्रामीणों को जानकारी देते हुए इसके फायदे बताए गए हैं। जिस पर कुछ ग्रामीण सोलर कनेक्शन के लिए रजामंद भी हुए हैं। एईएन आरडी मीणा ने बताया कि इस प्रकार के कैंप हर 33/11 केवी जीएसएस पर लगाए जाएंगे। जिससे ग्रामीण उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर समाधान हो और बकाया चल रहे राजस्व की प्राप्ति हो साथ में उन्होंने अपील की बिजली का चोरी से उपयोग नहीं करें,बिजली कनेक्शन ले और निर्बाध बिजली का उपयोग करे।

## आरबीएम अस्पताल की न्यूरो सर्जरी टीम को डॉ. गर्ग ने दी बधाई

# न्यूरो सर्जन ने पहली बार आरबीएम में किया सफल जटिल ऑपरेशन

## डॉ. गर्ग ने सीएम से कैथ लैब व एमआरआई की सुविधा शुरू कराने का किया आग्रह

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर के राज बहादुर मैमोरियल चिकित्सालय में न्यूरो सर्जरी टीम द्वारा सड़क हादसे में घायल हुई महिला का कुशल ऑपरेशन कर उसकी जिन्दगी बचाने पर पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने चिकित्सालय के न्यूरो सर्जन डॉ. लखमी सिनसिनवार, एनेस्थीया टीम, नर्सिंग स्टाफ एवं उनकी पूरी टीम को दूरभाष पर बधाई व शुभकामनायें देते हुये कहा कि सुपर स्पेशलिटी की सेवायें सुचारू शुरू हों, इसके लिये वह संकल्पित हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से कैथ लैब व एमआरआई की सुविधा शुरू कराने का आग्रह किया है।



विधायक डॉ. गर्ग ने कहा कि भरतपुर का आर बी एम अस्पताल अब चिकित्सीय सेवाओं में लगातार आगे बढ रहा है। अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर सुविधायें मिलने लगी हैं। हाल ही में गंभीर दुर्घटना में घायल हुई महिला के सिर का पहली बार आरबीएम अस्पताल में जटिल ऑपरेशन कर सफलता हांसिल की हैं। जो भरतपुर के लिये बहुत बडी उपलब्धि है। जो जटिल ऑपरेशन जयपुर अथवा दिल्ली में मरीजों के किये जाते थे, वह भरतपुर में होने लगे हैं।

उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भी आग्रह किया है कि आरबीएम अस्पताल के लिये घोषित सुपर स्पेशलिटी की सभी सुविधाओं को यहां शुरू कराया जाये साथ ही उन्होंने कहा कि आरबीएम अस्पताल में कैथ लैब और एमआरआई की सुविधा की अत्यंत आवश्यकता है।

काफी दिनों से इसके लिये मांग की जा रही है। भरतपुर के आरबीएम अस्पताल में कैथ लैब एवं एमआरआई की सुविधा मरीजों मिलने लगेगी तो उन्हें जयपुर अथवा दिल्ली इलाज के लिये नहीं जाना पडेगा। जिससे उनके समय व धन की बचत होगी।

# 40 ग्रामीण महिलाये बनेंगी उद्यमी, उद्यमो से जुड़ी सामग्री और वित्तीय सहायता का वितरण

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मे महिलाओं के योगदान को सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को बिजौली में मंजरी फाउंडेशन के द्वारा संकल्प प्रोजेक्ट के अंतर्गत 40 महिला उद्यमियों को उनके उद्यमों से संबंधित सामग्री वित्तीय सहायता के रूप में वितरित की गई।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे मुख्य कार्यकारी अधिकारी अव्हाद निवृत्ति सोमनाथ ने अपने सम्बोधन मे कहा कि ये 40 महिलाएं न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही हैं, बल्कि पूरे ग्रामीण समुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रही हैं। ये महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों जैसे सरसों, डेयरी , खाद्य प्रसंस्करण, खुदरा व्यापार एवं स्थानीय उत्पादों के निर्माण में सक्रिय हैं। इनके उद्यमों से स्थानीय रोजगार सृजन होगा, आय में वृद्धि होगी एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार होगा। राजीविका के जिला परियोजना प्रबंधक बी आर जाट ने महिला सशक्तिकरण हेतु मंजरी फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए आने वाले वर्षों में महिलाओं के स्वयं व्यवसाय संचालित करने पर विश्वास व्यक्त किया। संकल्प प्रोजेक्ट के धौलपुर इंचार्ज विनोद राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान के दो जिले बारा और धौलपुर के 5 ब्लॉक के 500 गाँवो मे संकल्प प्रोजेक्ट के माध्यम से सरसों, मसाले एवं डेयरी किसानों की आय वृद्धि संस्था का प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम के अंत में सभी महिला उद्यमियों को उद्यमिता से जुडी सामग्री वितरण के साथ कार्यक्रम का सफल समापन किया गया। इस अवसर पर मंजरी फाउंडेशन की प्रोजेक्ट टीम उपस्थित रही।

## कोतवाली पुलिस की दो टीमों ने दो स्थानों से जुआ पकड़ा

# ऑनलाइन सट्टे के आरोप में फरार आरोपी गिरफ़्तार

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने मुखबिर तंत्र की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जहां शहर के दो स्थानों पर जुआ को लेकर कार्रवाई की है। वही ऑनलाइन सट्टा खिलाने के आरोप में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है साथ में न्यायालय से तय भरण पोषण भत्ते का भुगतान नहीं करने पर भी एक आरोपी को गिरफ्त में दिया गया है जो कोटा का निवासी है। कोतवाली थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ फरार चल रहे आरोपियों की भी तलाश की जा रही है। वहीं जुआ को लेकर भी गहन निगरानी बरती जा रही है। जिसके तहत शुक्रवार को थाने के एएसआई वीरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा शहर के धौलपुर रोड स्थित एवीएम स्कूल के पास कार्रवाई की। जहां से चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जिनके नाम आकाश पुत्र राधावल्लभ अग्रवाल निवासी पुराना बाजार,सोनू पत्र बनवारी कुशवाह निवासी



जमालपुर,शिवराम पुत्र बेदरिया कुशवाह निवासी हरा झंडा गुमट और प्रमोद पुत्र गोपी नाई निवासी धनोरा रोड है।आरोपियों से 13580 और जुआ उपकरण बरामद किए हैं। वही दूसरी कार्रवाई पुलिस ने टाउन चौकी प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा के नेतृत्व में की है। जिसने बसेड़ी रोड स्थित अनाज मंडी के पास से जुआ खेलते हुए चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली पुलिस ने तीसरी कार्रवाई में ऑनलाइन सट्टा खिलाने के आरोप में फरार चल रहे आरोपी इमरान पुत्र नासिर खान निवासी बारहमासी पीपल को गिरफ्तार किया है। जिससे मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने चौथी कार्रवाई में एसीजेएम कोर्ट संख्या एक से भरण पोषण मामले में दो लाख 25 हजार रुपये के भुगतान नहीं करने पर वसूली वारंट के तहत आरोपी मोनू पुत्र कन्हैया लाल कोली निवासी जेपी कॉलोनी शिव मंदिर कोटा को गिरफ्तार किया है। जिसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस की कार्रवाई में एएसआई नीरज कुमार के साथ हेड कांस्टेबल छोटेलाल, रामधन, कांस्टेबल राजेंद्र, सूबे, आसाराम, सतीश, मनोज, रामलखन, सूरज और अलख सिंह का विशेष सहयोग रहा है।

# कुशल प्रबंधन एवं नवाचारों की क्रियान्विति से आयुर्वेद चिकित्सालय का आमजन में बढ़ा विश्वास, रोगी संख्या हुई तीन गुना



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर शहर में सिटी औषधालय के नाम से जाना जाने वाला आयुर्वेद विभाग का जिला आयुर्वेद चिकित्सालय बीते कुछ वर्षों से आमजन में लोकप्रिय बनता जा रहा है यही वजह है कि जो रोगी संख्या 2015 से 2021 तक रहती रही है अब उस संख्या में तीन गुना बढ़ोतरी हुई है। उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित बताते हैं कि आयुर्वेद विभाग के सेवा प्रकल्पों पंचकर्म,योग प्राकृतिक,शल्य क्रिया शालाक्य, स्त्री एवं प्रसूति औषधीय लेपन आदि चिकित्सा सेवाओं का लाभ निरंतर आमजन को मिल सके उसके लिए एक वर्ष का नि:शुल्क चिकित्सा शिविर एवं कार्यशालाओं का प्रत्येक महीने आयोजन हेतु वार्षिक कैलेंडर तैयार कर उसे लागू किया जिससे आमजन को विशेष चिकित्सा सुविधा निरंतर मिली और आयुर्वेद के प्रति विश्वास बढ़ा। डॉ दीक्षित बताते हैं कि अच्छे स्वास्थ्य के प्रति आमजन को जागरुक करने के लिए क्रमबद्ध तरीके से जागरूकता अभियानों का शुभारंभ किया जिनमें सोलह साल तक के बच्चों की इम्यूनिटी बढ़ाने और शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वास्थ्य संरक्षण एवं संवर्धन हेतु स्वर्णप्राशन ड्राप्स इम्यूनाइजेशन अभियान चलाया। डॉ दीक्षित ने बताया कि इन सबका ही सकारात्मक परिणाम है कि दूरदराज से लोग उपचार कराने जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में आ रहे हैं और स्वास्थ्य लाभ उठा रहे हैं।

औषधीय लेपों का उपयोग कर आमजन को सस्ती और कारगर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने से आमजन को बहुत अच्छा लाभ मिला है लोग दूर-दूर से आकर औषधीय लेपों से उपचार कराकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

# चालक बिना दस्तावेज के वाहन ना चलाएं-गौरव यादव

## सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत वाहन चालकों के साथ चलाए संदेश अभियान



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन, सड़क सुरक्षा विभाग एवं यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में शांति वाटिका में वाहन चालकों के साथ समझाइश चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि जिला प्रशासन के आदेश की पालना में मनाएं जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिले के विभिन्न कस्बों में समझाइश अभियान चलाया जा रहा है। शांति वाटिका में जिला यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने चालकों से कहा कि वे क्षमता से अधिक सवारियों को बैठक वाहन ना चलाएं। कोहरे के समय स्पीड में बाहर ना चलाएं और वाहन चलाते समय वाहन संबंधित सभी जरूरी दस्तावेज पूर्ण होने पर ही वाहन का संचालन करें। जगह-जगह रास्ते में वाहन को नो पार्किंग में खड़ा ना करें।

परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत ने कहा कि निर्धारित सीमा में ही अपने वाहन का उपयोग करें परमिट उल्लंघन न करें और वाहन को बिना पीयूसी परमिट फिटनेस लाइसेंस के ना चलाएं।

रात्रि के समय डिपर का उपयोग करें। वाहन पर निर्धारित रिफ्लेक्टर टेप लगे। ओवर स्पीड में कभी भी वाहन को ना चलाएं। इस अवसर पर सहायक उप निरीक्षक महेश कुमार, देवेंद्र सिंह, बीना सिंह गुंजन विकेश रामकेश मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पेंशनर्स की आवाज़ सड़क पर- गलत नीतियों के विरोध में केंद्रीय पेंशनर्स का धरना



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** केंद्रीय सरकार पेंशनर्स एसोसिएशन, जिला इकाई ब्यावर के तत्वावधान में जयपुर मुख्यालय के निर्देशानुसार डाक विभाग व बीएसएनएल कार्यालय के समक्ष पेंशनर्स द्वारा धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरने के दौरान केंद्र सरकार द्वारा पेंशनर्स के संबंध में अपनाई जा रही गलत नीतियों के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। धरना-प्रदर्शन में प्रमुख रूप से यह मांग उठाई गई कि मार्च 2025 के नए वित्त विधेयक में शामिल वैलिडेशन एक्ट को समाप्त किया जाए, क्योंकि यह संसद से पारित होकर भी पेंशनर्स के हितों पर कुठाराघात करता है तथा सरकार को असीमित अधिकार प्रदान करता है इसके साथ ही आठवें वेतन आयोग के गठन के समय जारी नोटिफिकेशन में टर्म्स ऑफ रेफरेंस को स्पष्ट करने की मांग की गई, ताकि सभी पेंशनर्स नए व पुराने की पेंशन में पूर्ववत वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। पेंशनर्स ने आयोग की प्रभावी तिथि 1 जनवरी 2026 के संबंध में भी स्पष्ट आदेश जारी करने की मांग रखी धरना-प्रदर्शन में एन. एम. माली (अध्यक्ष, सीजीपीए जिला इकाई ब्यावर), जी. आर. जुलवानिया (संरक्षक) व ओ. पी. शर्मा (महासचिव) सहित कार्यकारिणी के सदस्य एवं बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे ।

## नवीन नगर कांग्रेस कमेटी कपासन का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** नगर कांग्रेस कमेटी की नवीन कार्यकारिणी में नियुक्त पदाधिकारियों के स्वागत हेतु स्थानीय गांधी वाटिका में बैठक का आयोजन किया गया।साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन शर्मा की उपस्थिति में आगामी नगर पालिका चुनाव 2026 की तैयारी एवं संगठन मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। नगर कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता मधु सुदन कुमावत ने बताया कि बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों को कांग्रेस संगठन का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया।इसके उपरांत उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नगर पालिका कपासन क्षैत्र के वार्डों की मतदाता सूचीयो का वितरण किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता दिनेश चाष्टा,जिला उपाध्यक्ष असलम बंटी,जिला कोषाध्यक्ष सतीश नन्दवाना,पुर्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष एवं पूर्व नपा पार्षद हाजी अब्दुल रहमान मंसूरी,नगर पालिका पार्षद लोकेश राव आदि कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इस दौरान संचालन नगर उपाध्यक्ष गुड् खान द्वारा किया गया।

## विशेष अभियान के अंतर्गत नगर पालिका प्रशासन ने कपासन के मार्गो से हटाया अतिक्रमण



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** नगर पालिका प्रशासन द्वारा विशेष अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को नगर के मार्गो एवं प्रतिष्ठानों के बाहर हो रहे अवैध अतिक्रमण को कार्यवाही कर हटाया गया। जानकारी अनुसार नगर पालिका कपासन द्वारा क्षैत्र के मुख्य मार्गो को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी एवं नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा के निर्देशन में विशेष अभियान का संचालन किया गया।जिसके तहत नगर पालिका कपासन स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी कोदली की अगुवाई में नपा प्रशासन के दल का गठन कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गयी।जिसमे नगर क्षैत्र के मुख्य मार्गो एवं व्यापारियों द्वारा अपने प्रतिष्ठानों के बाहर कर रखे अवैध अतिक्रमण को हटाया गया।जिससे उक्त मार्गो पर आवागमन करने में आमजन को राहत मिल सके। गौरतलब है कि नगर के मुख्य मार्गो पर स्थित प्रतिष्ठानों के बाहर बैनर होल्डिंग एवं अन्य समान रखकर तथा यहां हर समय बेतरतीब ढंग से खड़े रहने वाले दुपहिया वाहनों के चलते जाम जैसी स्थिति के साथ वाहनधारियो सहित पैदल राहगीरों का चलना भी दूभर हो रहा था।ऐसे में नगर पालिका कपासन द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध उक्त कार्यवाही प्रभावी साबित होकर आमजन एवं राहगीरों को राहत प्रदान वाली हो सकती है।इधर नगर पालिका दल द्वारा व्यापारियों के प्रतिष्ठानों के बाहर रखे बोर्ड एवं बैनर हटाकर पुन: अतिक्रमण नहीं करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस कार्यवाही के दौरान नगर पालिका स्वास्थ्य जमादार मुकेश कोदली,कार्यवाहक जमादार विजय कोदली,नपा सफाई कार्मिक संजू कोदली, ओमप्रकाश,दिलीप,मुकेश आदि नगर पालिका कपासन के कार्मिकगण उपस्थित रहे।

# निंबाहेड़ा विधानसभा में 11.24 करोड़ की सड़क योजनाओं का विधायक कृपलानी ने किया शिलान्यास, विकास को मिली नई गति

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा(नि.स.)।** विधानसभा क्षेत्र निंबाहेड़ा- छोटीसादड़ी में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विभिन्न सडक़ विकास कार्यों का शिलान्यास समारोह बाडी ग्राम में श्री शनिदेव मंदिर के समीप आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी रहे, जबकि अध्यक्षता पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने की। इस अवसर पर प्रतापगढ़ जिला अध्यक्ष महावीर सिंह कृष्णावत, पूर्व जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, पूर्व प्रधान बगदीराम धाकड़, नगर मंडल अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिम मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत, छोटीसादड़ी पूर्वी मंडल अध्यक्ष विक्रम कुमावत, पश्चिम मंडल अध्यक्ष लोकेश धाकड़, निंबाहेड़ा नगर महामंत्री देवकरण समदानी सहित अनेक जनप्रतिनिधि मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन पश्चिम मंडल के संजय चपलोत ने किया। स्वागत उद्बोधन देते हुए पश्चिम मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत ने शिलान्यास किए जा रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाड़ी गुर्जरखेड़ा से निलोदाखेड़ा होते हुए जिला सीमा तक 8.50 किलोमीटर लंबी सडक़ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य पर 910 लाख की लागत आएगी। इसके अतिरिक्त गांव इरा नगर से टाटरमाल तक 0.60 किमी सडक़ निर्माण कार्य पर 82 लाख, तथा बरवाड़ा रोड से कानपुरा गांव तक 0.75 किमी सडक़ निर्माण पर 27 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। वहीं अवन्ति-काकरवा-झगरिया-नारायण चौकी-जलोदिया-कछुआ-बरखेड़ा-नितोडा-सांवलिया-प्रसन्न-113 सांवलिया चौराहे तक 1.70 किमी सडक़ निर्माण कार्य पर 105 लाख की लागत आएगी। इस प्रकार शिलान्यास किए गए सभी सडक़ विकास कार्यों की कुल स्वीकृत राशि 1124 लाख ( 11.24 करोड़ ) है। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि निंबाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र में स्थानीय जरूरतों के अनुरूप विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सडक़, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं क्षेत्र के विकास की मजबूत नींव होती हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से निंबाहेड़ा क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य स्वीकृत कराए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना, राज्य बजट एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। कार्यक्रम में पूर्व उपप्रधान जगदीश चंद्र आंजना, सरपंच बलवंत चपलोत, बाडी पूर्व पंस सदस्य कैलाश जाट, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रत्नेश छाजेड, शक्तिकेंद्र संयोजक कैलाश जाट, शंकरलाल गुडाखेड़ा, उदयसिंह भांडी, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष पुष्कर धाकड़, पूर्व सरपंच राजपाल सिंह कदमाली, कारूलाल आंजना मरजीवी, रामप्रसाद धाकड़, जीवन धाकड़, बगदीराम धाकड़ भगवानपुरा, पूर्व सरपंच शंभुलाल जाट, मंडल महामंत्री राधेश्याम टेलर, शेरू रावत घटेरा, बूथ अध्यक्ष लाभचंद धाकड़, महेश टांक, अर्जुन सिंह, पवन तेली, दिनेश शर्मा, मनोहर सिंह मीणा आदि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक कोठारी ने 400 करोड़ की विकास परियोजनाओं की प्रगति का लिया जायजा

## अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने शहर में लगभग 400 करोड़ रुपये की लागत से संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं का स्थल निरीक्षण कर उनकी प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य तय समय-सीमा में और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत पटेल नगर विस्तार क्षेत्र में 15 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किए जा रहे नगर वन से हुई। स्मृति वन की तर्ज पर बन रहे इस नगर वन में प्रस्तावित दो तलैया, बच्चों का खेल मैदान, ओपन एयर थिएटर, फूड कोर्ट सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी विधायक कोठारी ने मौके पर ली। पर्यावरणविद बाबूलाल जाजू के सुझाव पर उन्होंने दीर्घायु पौधों के अधिकाधिक रोपण के निर्देश दिए। इसके पश्चात विधायक ने 20 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित मानसरोवर झील सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा की। झील में फैल रही जलकुंभी की समस्या को गंभीर बताते हुए उन्होंने अधिकारियों को स्थायी समाधान हेतु तत्काल योजना तैयार करने के निर्देश दिए। पटेल नगर विस्तार में 35 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले बहुउद्देश्यीय स्पोर्ट्स स्टेडियम की भूमि का निरीक्षण किया गया। साथ ही 61 लाख रुपये की लागत से बन रहे स्केटिंग एरीना का भी अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आर.के. एवं आर.सी. व्यास कॉलोनी में 14.53 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण करते हुए विधायक ने बताया कि दो मंजिला इस अत्याधुनिक भवन में 1100 व्यक्तियों की क्षमता वाला वातानुकूलित हॉल होगा, जो शहरवासियों के सामाजिक एवं मांगलिक आयोजनों के लिए उपयोगी रहेगा। विधायक कोठारी ने 18 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित नेहरू तलाई, नेहरू उद्यान एवं राजीव गांधी उद्यान के सौंदर्यीकरण कार्यों के लिए शीघ्र डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए। इसके बाद जोधड़ास रेलवे ओवर ब्रिज, हाई लेवल ब्रिज, केशव पोरवाल हॉस्पिटल के समीप एवं सांगानेर रोड पर प्रस्तावित कोठारी नदी पुलों का निरीक्षण कर सभी कार्य समय पर पूर्ण करने को कहा। निरीक्षण के दौरान न्यास के पूर्व चेयरमैन लक्ष्मीनारायण डाड, पर्यावरणविद बाबूलाल जाजू, पूर्व सभापति दिनेश शर्मा, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष एडवोकेट लादू लाल तेली,सत्यनारायण गूगड़, संजय राठी, राजकुमार इनानी, एडवोकेट अर्पित कोठारी, राघव आचार्य कमल कोठारी, अमित टाक,गजेंद्र सिंह राठौड़, शंकर गुर्जर,राहुल नायक, बादल सिंह, बहादुर सिंह, दिनेश सुथार, करण सिंह, अजय पाराशर, सहित नगर निगम, नगर विकास न्यास एवं अजमेर विद्युत वितरण निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

## हमीरगढ़ में 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम




बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के निर्देशानुसार संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हमीरगढ़, महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हमीरगढ़ तथा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय हमीरगढ़ में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाई गई। साथ ही खेल गतिविधियां, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं पोस्टर निर्माण जैसी रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बताया गया कि सरकार द्वारा बाल विवाह की रोकथाम एवं समाज को बाल विवाह से मुक्त करने के उद्देश्य से 100 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उक्त गतिविधियों में विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लगभग 750 विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई।

## मिश्रीमल मारासा के पुण्य स्मृति दिवस को कपासन में जाप एवं गौसेवा के साथ मनाया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** श्री मरुधर केसरी मिश्रीमल मारासा के पुण्य स्मृति दिवस को नगर में जाप एवं गोशाला में गायो को लापसी का भोग लगाकर मनाया गया।

चंदन बाला महिला मण्डल कपासन की मंत्री सुनीता सांवला ने बताया कि पूज्य गुरुदेव के पुण्य स्मरण दिवस पर महिला मण्डल द्वारा नगर में स्थित अंबेश भवन में एक घंटे नवकार मंत्र का जाप किया गया।साथ ही नगर के मुख्य मार्ग स्थित जलेश्वर गौशाला में गायों को 101 किलो लापसी का भोग लगाया तथा गौ शाला में सेवा कार्य करने वालों को कम्बल वितरित की गयी।

इस अवसर पर चन्दन बाला महिला मण्डल कपासन अध्यक्ष प्रियंका दुग्गड़,कोषाध्यक्ष अंगूर बाला सिरोया, उपाध्यक्ष कुसुम ढीलीवाल,प्रचार प्रसार मंत्री जागृति लोढ़ा,संयुक्त मेवाड़ महिला मण्डल शिक्षा मंत्री अंगूरबाला सांवला,पूर्व अध्यक्ष मंजू दुग्गड़,लाडजी लोढ़ा,कांता ढीलीवाल,चंदा,विमला,नेहा सांवला आदि महिला मंडल की सदस्य उपस्थित रही।

# विधायक कृपलानी की उपस्थिति में सगरावत ने ली भाजपा की सदस्यता

## जिलाध्यक्ष गाडरी ने बीजेपी का उपरना ओढ़ाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई

बढ़ता राजस्थान




**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवाद की भावना एवं क्षेत्रीय विधायक श्रीचंद कृपलानी की ईमानदार कार्यशैली तथा आमजन के प्रति सेवा कार्यों से प्रभावित होकर सीआईआईटी कम्प्यूटर एज्युकेशन संस्थान एवं रॉबिन स्कूल के संचालक दीपक सगरावत ने कांग्रेस का हाथ छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया।

पूर्व मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी की उपस्थिति में भाजपा जिलाध्यक्ष रतन गाडरी, पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रहलाद सोनी, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, निलेश मेहता, कमलेश बुनकर, भाजपा जिला प्रवक्ता मानवेंद्र सिंह चौहान, नगर उपाध्यक्ष जगदीश माली, अतुल सेठिया, नितिन नवलखा, वीरेंद्र मारू, महिला मोर्चा महामंत्री शिल्पा बोड़ाना, प्रेम बाहेती, भाजयुमो नगर उपाध्यक्ष अजय नागदा, हितेश जोशी आदि ने उपरना ओढ़ाकर एवं मुंह मीठा करवाकर दीपक सगरावत का भाजपा में स्वागत किया।

सुण तेजाजी गायन पर लगया ठुमका

# किसानो के धरने पर आस्था का तड़का

बढ़ता राजस्थान




**नैनवा,(टी.आर सैनी)।** किसान महापंचायत की ओर से दिया जा रहा कार्मिक धरना-प्रदर्शन शुक्रवार को नौवे दिन भी जारी रहा 7 धरने पर शुक्रवार को किसानों ने तेजाजी गायन करके सरकार को जगाने की कोशिश की गई 7 धरने पर 2दर्जन दिन से अधिक गांव केकिसान मौजूद रहे। धरना प्रदर्शन पर आस्था का तडक़ा _ प्राय: देखा जाता है कि सरकार से मांगे मनवाने के लिए आंदोलनकारी तोडफ़ोड़ एवं जाम लगा करके शक्ति प्रदर्शन करते हैं 7 लेकिन किसान कौम द्वारा दिया जा रहा धरना-प्रदर्शन में अनूठा अंदाज नजर आया । किसानों ने बताया कि जब सरकार किसने की पीड़ा को नजरअंदाज कर देती है । तक किसानलोक देवताओं की शरण में चले जाते हैं 7 शुक्रवार कोधरने पर मौजूद किसान तेजाजी के कर्मस्थली दुगारी पहुंचे जहां पूजा अर्चना कर तेजाजी महाराज कोधरने पर चलने का आग्रह किया । यहां पहुंचने पर तेजाजी गायन किया गया । भाव विभोर होकर किसानों ने नृत्य किया 7 किसान नेता कजोड़ मल धाकड़ ने बताया कि जब तक सरकार द्वाराकिसानों के खातों में मुआवजा की राशि नहीं डाली जाती तब तक धरना जारी रहेगा शिकायत निराकरण समिति - कृषि विभाग के ज्वाइन डायरेक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत किसानो की शिकायत को लेकर 11 सदस्यों की एक समिति बनी हुई है 7 जिसमें उपखंड अधिकारी ,कृषिअधिकारी,तहसीलदार,जिला आर्थिकएवं सांख्यिकी द्वारा मनोनीत सदस्य,सहायक कृषि अधिकारी,अप उपनिदेशकउदयन द्वारा मनोनीत सदस्य,अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा मनोनीतसदस्य, जिला प्रबंधक केंद्रीय सहकारी समिति द्वारा मनोनीत सदस्य,बीमा कंपनी के ब्लॉक समन्वयक,दो किसान प्रतिनिधि उपखंड अधिकबार द्वारा मनोनीत यह मौजूद रहेंगे । उपखंड अधिकारी द्वारा सोमवार को उपखंड कार्यालय में बैठक रखा जाने का आश्वासन दिया गया है । धरने पर कजोड़मल धाकड़, भरतराज मीणा, गणेश चौधरी, रामावतार गुर्जर डोई, दिनेश गुर्जर, रामप्रकाश नागर, लादूलाल चौधरी, पूर्व सरपंच शोजीलाल मीणा व देवलाल गुर्जर, सत्यनारायण गुर्जर, नसीर मोहम्मद, हेमराज बैरवां, किशनलाल बैरवां, गणेश योगी, रामलाल चौधरी, भरतलाल गुर्जर, रामजस गुर्जर, दुर्गालाल सैनी, रामदेव बैरवां, कमलेश मीणा, शोजीलाल जाट, मायाराम भूडक, भंवरलाल गुर्जर, सीताराम गुर्जर, शंकर चौधरी, कमल चौधरी, मुकेश चौधरी, सुरेश चौधरी, सत्यनारायण चौधरी धरने में शामिल रहें।

## आपात में जीवन रक्षा का पाठ- वर्द्धमान महाविद्यालय की छात्राओं को सीपीआर व फर्स्ट एड का व्यावहारिक प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में रेड रिबन एवं राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय, ब्यावर के संयुक्त तत्वावधान में आपात स्थितियों में जीवन रक्षा हेतु सीपीआर व फर्स्ट एड जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फिजिशियन डॉ. संजय शर्मा, नर्सिंग अधिकारी रेशमा पटेल एवं गजपाल सिंह ने छात्राओं को सीपीआर की प्रक्रिया समझाई। साथ ही अचानक कार्डियक अरेस्ट, पानी में डूबने और बिजली का करंट लगने जैसी स्थितियों में पीडि़त की जान बचाने के लिए प्रायोगिक डेमो भी प्रस्तुत किए कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा ने अचानक होने वाली दुर्घटनाओं में सावधानी के साथ इन तकनीकों के उपयोग के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन रेड रिबन प्रभारी निधि पंवार एवं डॉ. रीना कुमारी ने किया।

# 900 करोड़ के मामले में आया नया मोड़: पूर्व मंत्री के खिलाफ चलेगा मनी लॉन्ड्रिंग का केस; राज्यपाल ने दी मंजूरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पूर्व जलदाय मंत्री और कांग्रेस नेता महेश जोशी के खिलाफ जल जीवन मिशन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग का मुकदमा चलेगा। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने महेश जोशी के खिलाफ (धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 के तहत) शुरुआती तौर पर अपराध प्रमाणित होने पर मुकदमा चलाने की मंजूरी (अभियोजन स्वीकृति) दी है। ऐसे मामलों में राज्यपाल से मंजूरी लेने का कानूनी प्रावधान है। लोकभवन से जारी बयान के अनुसार महेश जोशी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की धाराओं और इस मामले के तथ्यों पर जो भी प्रॉसीक्यूशन बनते हों, उनके लिए कोर्ट में मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है। महेश जोशी के खिलाफ जल जीवन मिशन घोटाले में एसीबी और ईडी ने मुकदमे दर्ज किए थे। राज्यपाल की मंजूरी के बाद महेश जोशी के खिलाफ जल जीवन मिशन घोटाले में ईडी और एसीबी के मामलों में कोर्ट में अलग-अलग मुकदमे चलाने का रास्ता साफ हो गया है।

### महेश जोशी 7 महीने जेल में रहे, अभी जमानत पर

महेश जोशी के खिलाफ 900 करोड़ के जल जीवन मिशन घोटाले में ईडी ने मुकदमा दर्ज किया था। जोशी को ईडी ने 24 अप्रैल 2025 को गिरफ्तार किया था। महेश जोशी इस मामले में सात महीने तक जेल में रहे। हाईकोर्ट ने 26 अगस्त 2025 को जोशी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की थी। उन्हें पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली थी। फिलहाल महेश जोशी जमानत पर हैं।

# पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को बम से उड़ाने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को गुरुवार देर रात ई-मेल के जरिए जान से मारने की धमकी दी गई। ई-मेल में राज्यपाल को बम से उड़ाने की बात लिखी थी। पुलिस ने कुछ ही घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोलकाता के पास सॉल्ट लेक इलाके से पकड़ा गया है। उससे पूछताछ की जा रही है कि उसने धमकी क्यों दी और इसके पीछे क्या साजिश हो सकती है। लोक भवन के अधिकारी ने बताया कि धमकी की जानकारी राज्य के डीजीपी को दे दी गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और केंद्रीय गृह मंत्रालय को भी इस घटना से अवगत कराया गया है। आरोपी ने ई-मेल में अपना मोबाइल नंबर भी लिखा था। धमकी के बाद राज्यपाल की सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। सीवी आनंद बोस पहले से ही ँ+ सुरक्षा मिली है।राज्य पुलिस और सीआरपीएफ के 60-70 जवान राज्यपाल बोस की सुरक्षा में तैनात हैं। राज्यपाल बोस को धमकी की घटना उस वक्त हुई है, जब राज्य में सियासी तूफान उठा हुआ है। 8 जनवरी को ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने टीएमसी के सोशल मीडिया हेड के ठिकानों पर रेड मारी थी। सीएम ममता ने इसे राजनीति से प्रेरित बताया। इस पर राज्यपाल ने कहा है कि एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति से अपेक्षा की जाती है कि वह संविधान में सहयोग करे। किसी लोक सेवक को उसके कर्तव्य से रोकना दंडनीय अपराध है।

# अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच होगी

## सीएम धामी ने सिफारिश की, कांग्रेस बोली- सरकार ने अपनी गलती मानी

बढ़ता राजस्थान

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच अब सीबीआई कर सकती है। आज सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सीबीआई जांच के लिए संस्तुति प्रदान कर दी है। विपक्ष लगातार इसकी मांग कर रहा था, इसके लिए पूरे राज्य में प्रदर्शन किए जा रहे थे। वहीं, सीएम धामी ने एक वीडियो जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि अंकिता के माता-पिता के अनुरोध और उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए सरकार ने ये फैसला लिया है। बीते बुधवार को ही मुख्यमंत्री ने अंकिता के माता- पिता को देहरादून बुलाया था, जहां पर परिवार ने सीएम से मामले में निष्पक्ष जांच की मांग रखी थी। सीएम धामी के ऐलान के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा की सीबीआई जांच की सिफारिश कर सरकार ने माना है कि अतीत में उनसे गलती हुई है।

### सीएम धामी ने कही 5 बड़ी बातें

- माता-पिता के अनुरोध पर सीबीआई जांच की संस्तुति: मुख्यमंत्री ने बताया कि अंकिता भंडारी के माता-पिता से मुलाकात के दौरान उन्होंने सीबीआई जांच कराने का अनुरोध किया, जिसके बाद सरकार ने इस प्रकरण में सीबीआई जांच की संस्तुति देने का निर्णय लिया।
- घटना के बाद बिना विलंब के कार्रवाई: मुख्यमंत्री के अनुसार घटना की जानकारी मिलते ही राज्य सरकार ने बिना किसी देरी के कार्रवाई की और पूरे मामले को गंभीरता से लिया।
- महिला आईपीएस अधिकारी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन: मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक महिला आईपीएस अधिकारी के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया।
- अभियुक्तों की गिरफ्तारी से लेकर सजा तक: मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार किया गया। राज्य सरकार की ओर से प्रभावी पैरवी की गई, जिसके चलते विवेचना और ट्रायल के दौरान किसी भी अभियुक्त को जमानत नहीं मिल सकी और निचली अदालत ने अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।
- ऑडियो क्लिप्स पर स्वतंत्र जांच जारी: मुख्यमंत्री ने बताया कि सोशल मीडिया पर सामने आई कुछ ऑडियो क्लिप्स के संबंध में अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं और इन मामलों में जांच की प्रक्रिया लगातार जारी है।

# राजस्थान में सर्द हवाओं के साथ बारिश व ओले गिरे

## जैसलमेर में गाड़ियों पर जमी बर्फ; शीतलहर से बढ़ी सर्दी, 25 जिलों में स्कूल बंद रहे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में शुक्रवार को शीत लहर चलने से सर्दी का तेज हो गई। अलवर में सुबह बारिश (मावठ) हुई। खैरथल-तिजारा में बारिश के साथ ओले भी गिरे। उदयपुर, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा और कोटपूतली-बहरोड़ में सुबह घना कोहरा रहा। इसके कारण विजिबिलिटी काफी कम रही। उदयपुर के गोगुंदा का तापमान जमाव बिंदु पर पहुंच गया। खेतों में बर्फ की चादर बिछ गई। जैसलमेर में गाड़ियों पर बर्फ की परत जमी नजर आई। सर्दी के चलते 25 जिलों में स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने शनिवार को 12 जिलों में कोहरे और 8 जिलों में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है।

### खैरथल-तिजारा में बारिश, ओले भी गिरे

खैरथल-तिजारा जिले में शुक्रवार सुबह बारिश के साथ ओले भी गिरे। वहीं भिवाड़ी शहर में कोहरा छाया हुआ है। आसमान बादलों से ढका है।

### बांसवाड़ा: विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही

बांसवाड़ा जिले में शुक्रवार सुबह कड़ाके की ठंड के साथ घना कोहरा छाया। जयपुर-दाहोद मार्ग पर कूपड़ा ब्रिज के पास विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही। शीतलहर के कारण ठिठुरन बढ़ गई है। खेतों में ओस जम गई। मौसम विभाग के अनुसार तापमान करीब 10 डिग्री दर्ज किया गया।

### कोटपूतली-बहरोड़ में रही धुंध

कोटपूतली-बहरोड़ जिले में शुक्रवार को हल्का कोहरा छाया रहा। रात को तेज गर्जना के साथ हल्की बारिश हुई। कड़ाके की ठंड के बीच जनजीवन प्रभावित है। रबी की फसलों पर ओस की बूंदें चमक रही हैं। यहां रात का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। अभी बादल छाए हुए हैं।

### हाईवे पर घना कोहरा, दिन में जलानी पड़ी हेडलाइट

उदयपुर में गोगुंदा का तापमान जमाव बिंदु पर पहुंच गया है। कई इलाकों में तापमान 0 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया है। गोगुंदा के दादिया इलाके में खेतों पर बर्फ की चादर जम गई है। घने कोहरे के कारण पिंडवाड़ा-गोगुंदा हाईवे पर दृश्यता काफी कम हो गई है। नेशनल हाईवे-27 पर वाहन रेंग-रेंग कर चल रहे हैं। वाहन चालक हेडलाइट जलाकर अपने वाहन चलाने को मजबूर हैं।



### जैसलमेर में गाड़ियों पर जमी बर्फ की परत

जैसलमेर में गुरुवार को इस सीजन का सबसे कम तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। शुक्रवार सुबह चांधन कस्बे में गाड़ियों पर बर्फ की परत जम गई। लोग गाड़ियों पर जमी बर्फ की परत हटाते नजर आए। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 4.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### चित्तौड़गढ़ में विजिबिलिटी 10 मीटर रही

चित्तौड़गढ़ में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। आकोला कस्बे में सुबह 9 बजे विजिबिलिटी 10 मीटर से भी कम रही। बेड़च नदी के किनारे से गुजरने वाले वाहन और पैदल चलने वाले लोग ठीक से दिखाई नहीं दे रहे हैं।

# आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे शर्मिला टेगौर के वकील

## कहा- दिल्ली एम्स में मौजूद डॉग ने किसी को नहीं काटा; जज बोले- यह कुत्ते की महानता नहीं



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों के मामले में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं में से एक एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर इस समस्या से निपटने के लिए हाल ही में उठाए गए कदमों का विरोध किया। उनके वकील ने कहा कि सभी कुत्ते आक्रामक नहीं होते। दिल्ली एम्स में गोल्डी नाम का एक कुत्ता है, जो सालों से वहां है लेकिन कभी किसी को नहीं काटा। इस बात पर कोर्ट ने टैगोर के वकील को फटकार लगाते हुए कहा, क्या उस कुत्ते को हॉस्पिटल के ऑपरेशन थिएटर भी ले जाया गया है सड़कों पर रहने वाले कुत्तों में अक्सर कीड़े-मकोड़े होते हैं और हॉस्पिटल में ऐसे संक्रमित कुत्तों की मौजूदगी से भयावह स्थिति हो सकती है। क्या आपको इसकी समझ है? हम आपको इस बहस की वास्तविकता से अवगत कराएंगे। आप सच्चाई से बिल्कुल परे हैं और हॉस्पिटल में ऐसे कुत्तों को अच्छा दिखाने या महान साबित करने की कोशिश न करें।

वहीं ऑल क्रिएचर्स ग्रेट एंड स्मॉल संस्था की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि इस मामले में कानून पहले से मौजूद हैं, इसलिए कोर्ट को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। जब संसद ने दखल नहीं दिया है, तो अदालत भी इसमें न आए। सिंघवी ने आगे कहा कि एमीकस क्यूरी (अदालत के सलाहकार) अच्छे तो होते हैं लेकिन वे कानून के सलाहकार होते हैं। किसी सब्जेक्ट के एक्सपर्ट नहीं। ऐसे मामलों में डोमेन एक्सपर्ट्स (जैसे पशु, पर्यावरण या स्वास्थ्य विशेषज्ञ) को भी शामिल किया जाना चाहिए।

# मोदी ने कॉल नहीं किया, इसलिए रुकी ट्रेड-डील

## अमेरिकी मिनिस्टर बोले- ट्रम्प खुद डील चाहते थे; भारत का जवाब- 2025 में 8 बार बात हुई

बढ़ता राजस्थान



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने दावा किया है कि भारत के साथ डील किसी पॉलिसी विवाद की वजह से नहीं रुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सीधे फोन न करना इसकी वजह है। एक पॉडकास्ट में लुटनिक ने ये बात कही है। इस मामले से जुड़े एक्सपर्ट लुटनिक के इस बयान को ट्रम्प के ईगो से जोड़कर देख रहे हैं। वो मान रहे हैं कि ट्रम्प निजी तौर पर कॉल की उम्मीद कर रहे थे। वहीं भारत के विदेश मंत्रालय ने लुटनिक के बयान को गलत बताया। एमईए प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पीएम मोदी और प्रेसिडेंट ट्रम्प 2025 में 8 बार फोन पर बात कर चुके हैं। जायसवाल ने कहा, भारत और अमेरिका 13 फरवरी 2025 से बाइलेटरल ट्रेड एग्रीमेंट पर काम कर रहे। कई राउंड नेगोशिएशन हो चुके हैं और कई बार हम डील के करीब पहुंचे हैं।

**डील तैयार थी, मोदी को बस एक फोन करना था**-लुटनिक ने बताया- भारत के साथ ट्रेड डील लगभग पूरी हो चुकी थी। भारत को बातचीत फाइनल करने के लिए तीन शुक्रवार का समय दिया गया था। ट्रम्प खुद इसे क्लोज करना चाहते थे। इसके लिए बस मोदी को राष्ट्रपति को कॉल करना था। भारतीय पक्ष ऐसा करने में असहज था और मोदी ने कॉल नहीं किया। नतीजा यह हुआ कि डेडलाइन निकल गई।

**वियतनाम और इंडोनेशिया से डील, भारत पीछे छूटा**-अमेरिकी वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत के देरी करने का फायदा दूसरे देशों को मिला। उन्होंने कहा, हमने सोचा था कि भारत के साथ डील पहले होगी, लेकिन मोदी के कॉल न करने पर हमने इंडोनेशिया, फिलीपींस और वियतनाम के साथ ट्रेड डील कर ली। लुटनिक ने ब्रिटेन का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने समय सीमा खत्म होने से पहले खुद ट्रम्प को फोन किया और अगले ही दिन डील का ऐलान हो गया।

# ममता बोलीं- मेरे पास शाह के खिलाफ पेन ड्राइव

## मुझे छेड़ोगे तो छोड़ूंगी नहीं, ईडी की रेड के बाद कोलकाता में रैली की

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता/नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में टीएमसी के आईटी सेल के चीफ के ठिकानों पर गुरुवार को हुई ईडी रेड के विरोध में टीएमसी दिल्ली से कोलकाता तक विरोध प्रदर्शन कर रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ईडी पर दो एफआईआर भी दर्ज कराई है। उन्होंने कोलकाता में मार्च भी निकाला।

इस दौरान ममता बनर्जी ने दावा किया कि उनके पास गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ पेन ड्राइव हैं। उन्होंने कहा- दिल्ली में बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं तक कोयला घोटाले की रकम पहुंचती है। मेरे पास इसके सबूत हैं। जरूरत पड़ी तो मैं इन्हें जनता के सामने पेश कर सकती हूं। ममता ने कहा,

कोयला घोटाले का पैसा सुवेंदु अधिकारी ने इस्तेमाल किया और अमित शाह को भेजा। मैं आमतौर पर प्रतिक्रिया नहीं देतीं, लेकिन अगर कोई मुझे छेड़ता है तो मैं छोड़ती नहीं हूं।

इधर कलकत्ता हाईकोर्ट ने कोर्ट परिसर में भारी भीड़ और हंगामे की वजह से ईडी की याचिका पर सुनवाई टाल दी है। याचिका में ममता बनर्जी के खिलाफ छापेमारी के दौरान हस्तक्षेप करने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी।



# थरूर बोले- नेहरू की गलतियां स्वीकार करना जरूरी

## लेकिन हर समस्या के लिए उन्हें अकेले दोषी ठहराना गलत, मोदी सरकार उनकी विरोधी

बढ़ता राजस्थान

**तिरुवनंतपुरम/कोच्चि।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि नेहरू की गलतियों को स्वीकार करना जरूरी है, लेकिन देश की हर समस्या के लिए उन्हें अकेले दोषी ठहराना पूरी तरह गलत और अनुचित है। थरूर ने कहा- मैं यह नहीं कहूंगा कि मोदी सरकार लोकतंत्र-विरोधी है, लेकिन वे निश्चित रूप से नेहरू-विरोधी हैं। नेहरू को एक सुविधाजनक बलि का बकरा बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि मैं भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के विचारों और दृष्टिकोण की गहरी प्रशंसा करता हूं, लेकिन नेहरू की हर मान्यता और नीति का बिना आलोचना समर्थन नहीं कर सकता। थरूर गुरुवार को केरल विधानसभा अंतरराष्ट्रीय पुस्तक महोत्सव के चौथे संस्करण में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि नेहरू भारतीय लोकतंत्र के संस्थापक थे। उन्होंने इसे मजबूती से स्थापित किया।



### अस्थमा, लिखने-पढ़ने की आदत का जिक्र

अपने लेखक जीवन की चर्चा करते हुए थरूर ने कहा कि बचपन में अस्थमा की बीमारी के कारण उनका झुकाव किताबों की ओर हुआ। उस समय न तो टेलीविजन था और न ही मोबाइल फोन, इसलिए किताबें ही उनकी सबसे करीबी साथी बन गईं। उन्होंने बताया कि उनका पहला उपन्यास बहुत कम उम्र में लिखा गया था, लेकिन स्याही गिरने के कारण वह नष्ट हो गया। श्री नारायना गुरू की जीवनी उनकी 28वीं पुस्तक है। दुनिया के कई हिस्सों में पढ़ने की आदत घट रही है, लेकिन केरल आज भी पढ़ने की संस्कृति में अग्रणी बना हुआ है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

राष्ट्रीय खनिज चिंतन शिविर अहमदाबाद

# खनन क्षेत्र में ईज ऑफ डूइंग की दिशा में प्री-एम्बेडेड ब्लॉकों की नीलामी बड़ा कदम : प्रमुख सचिव रविकान्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्य के प्रमुख सचिव माइंस एवं भूविज्ञान टी. रविकान्त ने कहा है कि मेजर और माइनर ब्लॉकों की आवश्यक अनुमतियां प्राप्त कर ब्लॉकों की नीलामी में ईज ऑफ डूइंग की दिशा में राजस्थान तेजी से कदम बढ़ा रहा है। श्री रविकान्त अहमदाबाद में आयोजित राष्ट्रीय खनिज चिंतन शिविर के दूसरे दिन के सत्र में आइडेंटिफिकेशन ऑफ प्री-एम्बेडेड ब्लॉक्स फॉर आक्शन विषय पर प्रजेटेंशन के माध्यम से राजस्थान के अनुभव और कार्ययोजना प्रस्तुत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि राजस्थान में आवश्यक अनुमतियां प्राप्त कर 8 मेजर मिनरल ब्लॉक के ऑक्शन की प्रक्रिया जारी हैं वहीं माइनर मिनरल के 62 ब्लॉक और मेजर के 5 ब्लॉक चिन्हित किए गए हैं।

राजस्थान के प्रमुख सचिव माइंस श्री टी. रविकान्त ने कहा कि ऑक्शन खानों के परिचालन में लाने में देरी देशव्यापी समस्या है। आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करने में देरी के चलते नीलाम खानों में खनन कार्य आरंभ नहीं हो पाता, जिससे निवेश, उत्पादन, रोजगार और सरकारी राजस्व प्रभावित होता है। उन्होंने बताया कि 2020 में इन्ही कारणों से केन्द्र सरकार ने सभी राज्यों को कम से कम 5 प्री-एम्बेडेड ब्लॉक ऑक्शन करने का लक्ष्य दिया। गुजरात ने एक और राजस्थान ने 8 मेजर मिनरल प्री-एम्बेडेड ब्लॉक आवश्यक अनुमतियां प्राप्त कर ऑक्शन की प्रक्रिया आरंभ की।

श्री रविकान्त ने कहा कि प्री-एम्बेड़ेड ब्लॉकों को भी नीलामी के स्तर तक लाने में आने वाली चुनौतियों की चर्चा करते हुए कहा कि जनसुनवाई में ही नोटिस प्रकाशन से मिनिट्स जारी होने तक दो माह तक का समय लग जाता है। आईबीएम से माइनिंग प्लान स्वीकृति के समय को भी कम किया जा सकता है। इसी तरह से सेक और सीया से बेहतर आपसी समन्वय के अभाव के कारण अनावश्यक समय लग जाता है। वन एवं वन्यजीव विभाग से अनुमतियों में अधिक समय लग जाता है। इस सबके बाद मिनरल की रिजर्व प्राइस तय करने वाला समय भी एक कारण हो जाता है।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेल: badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।